# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## पानी पर पीएम की पहल

- प्रधानमंत्री 28 मई को परियोजना को लेकर करेंगे बैठक
- चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे प्रधानमंत्री
- आंध्र को फायदा पर बस्तर को सबसे ज्यादा नुकसान का अनुमान

### नई सरकार की नई पहल

गौरतलब है कि आंध्रप्रदेश में हाल ही में एनडीए सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद पोलावरम परियोजना के कार्य में उल्लेखनीय तेजी देखी गई है। ऐसे में केंद्र अब इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर निर्णायक कदम उठा रहा है।

# आंध्र के बांध पोलावरम में डूब जाएंगे छग के 9 गांव विवाद में फंसी परियोजना पर अब पीएम का दखल

अलग खबर

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

पोलावरम बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना को लेकर बढ़ते अंतर-राज्यीय तनावों के बीच अब केंद्र सरकार ने बड़ी पहल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को इस राष्ट्रीय परियोजना पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें ओडिशा, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। प्रधानमंत्री खुद इस मुद्दे पर चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से सीधे संवाद करेंगे। बैठक में भूमि डुबान, आदिवासी विस्थापन और पुनर्वास जैसे संवेदनशील विषयों पर चर्चा होगी, जो लंबे समय से राज्यों के बीच विवाद का कारण बने हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्या निकलेगा समाधान

अब सबकी निगाहें 28 मई को होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक पर टिकी हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि इस बैठक में सर्वसम्मति बनती है, तो न केवल वर्षों से अटकी परियोजना को नई दिशा मिलेगी, बल्कि आदिवासी पुनर्वास और पर्यावरणीय संतुलन के मुद्दों का भी हल निकाला जा सकेगा।



### क्या है पोलावरम प्रोजेक्ट

पोलावरम प्रोजेक्ट आंध्रप्रदेश में गोदावरी नदी पर बन रहा एक बहुउद्देश्यी बांध है। इससे आंध्रप्रदेश के 2 लाख हैक्टेयर से ज्यादा जमीन को सिंचित किया जाएगा। वहीं इस परियोजना से आंध्रप्रदेश में इससे करीब 900 मेगावाट बिजली भी पैदा की जाएगी। इसके अलावा, औद्यगिक ईकाइयों को पानी की आपूर्ति भी इससे होगा। इस बांध को 2014 में राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया था।

### कोंटा समेत 9 गांव डूबेंगे

पोलावरम बांध के इतिहास पर नजर डालें तो यह आंध्र प्रदेश की इंदिरा सागर अंतर्राज्यीय परियोजना है। 1978 के पहले परियोजना बनाई गई थी, गोदावरी नदी पर सालों से बांध निर्माण का काम चल रहा है। अगर बांध बन जाता है तो सुकमा जिले के कोंटा सहित 9 गांव डूब जाएंगे। इनमें बंजाममुड़ा, मेटागुंडा, पेदाकिसोली, आसीरगुंडा, इंजरम, फंदीगुंडा, ढोढरा, कोंटा, वेंकटपुरम के प्रभावित होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों की जनसंख्या 18 हजार 510 है।






## खबर संक्षेप

### राज्यसभा की आठ सीटों के लिए 19 को चुनाव



नई दिल्ली। असम से दो और तमिलनाडु से छह राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई में समाप्त होने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने 19 जून को द्विवार्षिक चुनाव कराने की घोषणा की।

### सिर कुचल कर पिता और दो पुत्रों की हत्या



जौनपुर। जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र में बदमाशों ने पिता और उसके दो पुत्रों का सिर कुचल कर तीनों की हत्या कर दी। लालजी (58) वेल्डिंग व जेसीबी बनाने का काम करता था।

### कार और ट्रक की टक्कर में चार की मौत



कोंथमुरू। आंध्र प्रदेश में पूर्वी गोदावरी जिले के राजनगरम के पास सोमवार सुबह एक कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### 3.1 करोड़ रुपए मूल्य की लकड़ी जब्त



इंफाल। तेंगनौपाल जिले में अर्धसैनिक बल और पुलिस ने जिले में 3.10 करोड़ रुपए मूल्य की 'अवैध रूप से लायी गई' लकड़ी जब्त की है। अभियान के दौरान 61 वाहन जब्त किए गए।

# पीएम मोदी की पाक को दो टूक, चैन की रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही

एजेंसी ▶▶| दाहोद (गुजरात)

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अपने गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने यहां रोड शो किया और सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को दो टूक चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हमारी धरती की तरफ आंख उठाकर मत देखो। पड़ोसी की तरह सुख चैन की जिंदगी चाहिए, रोटी खाओ वर्ना मेरी गोली तो है ही। उन्होंने साफ कहा कि भारत की लड़ाई सीमा पार पल रहे आतंकवाद से है, जो आतंकवाद को पाल पास रहा है उससे हमारी दुश्मनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पाकिस्तान पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि उसका एकमात्र लक्ष्य भारत के प्रति नफरत ▶▶|शेष पेज 7 पर



- ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार गुजरात पहुंचे पीएम ने दी सख्त चेतावनी
- रोड शो में उमड़ी भीड़ करीब 30 हजार महिलाओं ने किया स्वागत
- गुजरात को देंगे करीब 82 हजार करोड़ रुपए की सौगात

### ऑपरेशन सिंदूर आतंक के अंत का मिशन

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। ऑपरेशन सिंदूर ने इस नीति को और पक्का कर दिया है, जो भी भारतीयों की खून बहाने की कोशिश करेगा, उसको उसकी ही भाषा में जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर मानवता की रक्षा और आतंकवाद के अंत का मिशन है।

### रोड शो में पहुंचा कर्नल सोफिया का परिवार



पीएम मोदी ने रोड शो की शुरुआत वडोदरा हवाई अड्डे से वायुसेना स्टेशन तक रोड शो के साथ की। इस रोड शो को सिंदूर सम्मान यात्रा नाम दिया गया। पीएम मोदी के स्वागत के लिए कर्नल सोफिया का परिवार भी पहुंचा।

### टेररिज्म को टूरिज्म मानता है पाकिस्तान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टूरिज्म लोगों को जोड़ता है। पाकिस्तान टेररिज्म को ही टूरिज्म मानता है, और ये दुनिया के लिए बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री ने कहा, पाकिस्तान को आतंक की बीमारी से मुक्त करने के लिए, वहां की आवाम के साथ युवाओं को आगे आना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

# जस्टिस वर्मा से जुड़ी जांच रिपोर्ट नहीं होगी सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर नकदी मिलने के मामले में गठित इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट को सूचना के अधिकार के तहत सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी ने अमृतपाल सिंह खालसा के आरटीआई आवेदन को खारिज करते हुए लिया, जिसमें जांच रिपोर्ट और तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना द्वारा राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र की प्रति मांगी गई थी।

### सीजेआई को 4 मई को सौंपी थी रिपोर्ट

हालांकि, जस्टिस यशवंत वर्मा की प्रारंभिक रिपोर्ट, जस्टिस वर्मा का जवाब और दिल्ली पुलिस द्वारा लिए गए फोटो व वीडियो को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक किया गया है, लेकिन इन हाऊस अंतिम जांच रिपोर्ट गोपनीय रखी गई है।

### आरटीआई कार्यकर्ता ने मांगी थी जांच रिपोर्ट

जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर नकदी मिलने के मामले में आरटीआई कार्यकर्ता ने जांच रिपोर्ट और संबंधित पत्राचार की कॉपी मांगी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। इस फैसले ने एक बार फिर से यह मामला सुर्खियों में ला दिया है।

इस साल 15वीं घटना

# कोटा में नीट की एक और छात्रा ने कर ली खुदकुशी

एजेंसी ▶▶| कोटा

जम्मू-कश्मीर की 18 वर्षीय एक नीट आकांक्षी ने कोटा के प्रताप चौराहा स्थित अपने 'पेइंग गेस्ट' कक्ष में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। इस साल खुदकुशी की यह 15वीं और इस माह की दूसरी घटना है। महावीर नगर थाने में तैनात क्षेत्र निरीक्षक रमेश कविया ने बताया कि रविवार शाम आत्महत्या करने से पहले जीशान ने अपने एक रिश्तेदार से फोन पर बात की और उसे बताया कि वह खुदकुशी का कदम उठा सकती है।



- पेइंग गेस्ट कमरे में पंखे पर लटका हुआ था शव

### कोचिंग में लिया था दाखिला

पुलिस के अनुसार, जीशान ने पहले मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए शहर में एक कोचिंग संस्थान में दाखिला लिया था। वह एक माह पहले ही कोटा लौटी थी और इस बार किसी भी संस्थान में दाखिला लिए बिना वह खुद ही पढ़ाई कर रही थी। पुलिस ने कहा कि कमरे में 'एंटी-हैंगिंग डिवाइस' नहीं था।

### 7 साल में 100 बच्चों की गई जान

कोटा में स्टूडेंट सुसाइड के आंकड़े चिंताजनक हैं। यहां पिछले 7 साल में करीब 100 छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या की है। इनमें वही स्टूडेंट शामिल हैं, जिनके मामले पुलिस में रिपोर्ट हुए हैं, जबकि वास्तविक संख्या और भी ज्यादा हो सकती है। मरने वाले छात्रों में से दो तिहाई स्टूडेंट्स एक ही कोचिंग संस्थान में तैयारी कर रहे थे।

सरकार से जवाब मांगा

# कोर्ट ने पूछा, ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगों के लिए लागू (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण पर सख्ती दिखाई है। जस्टिस एके प्रसाद ने राज्य सरकार से पूछा है कि अब तक राज्य की नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में यह आरक्षण क्यों लागू नहीं किया गया है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं याचिकाकर्ताओं को दो सप्ताह में रिजाइंडर प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। ▶▶|शेष पेज 7 पर



- पूछा- अब तक प्रदेश में यह लागू क्यों नहीं किया गया

### याचिकाकर्ताओं की ऐसी दलील

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में यह आरक्षण पहले से प्रभावी है। छत्तीसगढ़ में भी इसे लागू करने के लिए 29 अप्रैल 2024 को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कोर्ट ने याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए कहा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### केंद्र ने इस प्रावधान को देशभर में किया है लागू

इसके आधार पर 19 जनवरी 2019 को केंद्र ने इस प्रावधान को देशभर में लागू कर दिया। इसके बाद 4 सितंबर 2019 को छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस संबंध में अध्यादेश जारी किया था, जिसमें लोक सेवा अधिनियम में संशोधन कर ईडब्ल्यूएस वर्ग को आरक्षण देने की बात कही गई थी।






दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने दी जानकारी

# माड़ मुठभेड़ में मारे गए थे 28 नक्सली एक का शव अपने साथ ले गए नक्सली

- 19 मई को मुठभेड़ में नहीं हुआ नुकसान
- 20 की रात पुलिस ने की घेराबंदी
- 21 मई की सुबह आपरेशन में 28 हुए ढेर

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में पुलिस व नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में पुलिस ने नक्सल चीफ 10 करोड़ के ईनमी वसवराजू समेत 27 नक्सलियों के शव व भारी मात्रा में विस्फोटक व हथियार बरामद किया था। लेकिन इस मुठभेड़ में 27 नहीं 28 नक्सली मारे गए थे इसका खुलासा 25 मई को ▶▶|शेष पेज 7 पर





### ऐसी हुई मुठभेड़, अपनों ने की गद्दारी

विकल्प ने मुठभेड़ की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत 7 मई को नारायणपुर व कोण्डागांव डीआरजी ओरछा की तरफ से आए। वहीं 18 मई को दंतेवाड़ा व बीजापुर के डीआरजी व बस्तर फाइटर्स के जवान अंदर आए। 19 मई को फोर्स हमारे यूनिट के करीब पहुंची। 7 तारीख को यूनिट का एक पीसीसी मेंबर अपनी पत्नी के साथ भाग गया। इनके भागने ▶▶|शेष पेज 7 पर

### डीआरजी के एक जवान को मार गिराया दूसरे की आईईडी विस्फोट में हुई मौत

नक्सल प्रवक्ता ने बताया कि हमने कामरेड बसवराजु को सुरक्षित रखने के बाद प्रतिरोध किया। पहली मुठभेड़ में हमने डीआरजी के जवान कोटलूराम को मार गिराया जिसके बाद फोर्स आगे आने की हिम्मत नहीं ▶▶|शेष पेज 7 पर


मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
मान. किरण सिंह देव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा
॥जीवेत शरदः शतम्॥
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष, राइस मिल एसो. छ.ग.
बसंत अग्रवाल
भाजपा कार्यकर्ता एवं समाज सेवी
27 MAY
02 JUNE
बेमेतरा विधानसभा के जन सेवक, किसान नेता, समाज सेवी
योगेश तिवारी जी एवं श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी
जिला पंचायत अध्यक्ष, बेमेतरा
को जन्मदिन की अशेष बधाई एवं शुभकामनाएं...
योगेश तिवारी जी समाजसेवी जिन्होने जो आज के ईस युग में अपना पुरा जीवन जनसेवा और सामाजिक उत्थान के लिए सम्प्रति कर दिया।
250 बिस्तरों का मां गोदावरी आनंद वन वृद्धाश्रम के नाम से ग्राम गोमची, रायपुर में विगत 1 वर्षों से इस संचालन कर वृद्धाश्रम के द्वारा 72 बेसहारा बुर्जग माता पिता की सेवा कर रहें है समाज में जनसेवक के रुप एक अपनी पहचान बनाई है।
विगत कई वर्षों से बेमेतरा क्षेत्र में सक्रिय भाजपा किसान नेता के रुप में आम जनो कि सेवा कर रहे है।
विनीतः- समस्त कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### वेतन से ज्यादा इंटेसिव

लागू किए प्रोत्साहन राशि के सिस्टम के दौरान वितरण को लेकर विभिन्न शिकायतें सामने आने लगी थी। इसे लेकर असंतोष फैलने लगा था कि इंटेसिव सीनियर डाक्टरों और पहुंच वाले कर्मचारियों के खाते में ही जा रही है। निचले स्तर के कर्मचारियों को उनका हिस्सा नहीं मिल रहा है। गड़बड़ी के दौरान कइयों ने वेतन से ज्यादा इंटेसिव पाया था तो कुछ को एक रुपए भी प्रोत्साहन राशि नहीं मिली थी। इस शिकायत के आधार पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर जांच समिति गठित कर प्रतिवेदन मांगा गया था।

# चिकित्सकीय स्टाफ के फंस गए 40 करोड़ आयुष्मान की प्रोत्साहन राशि हुई डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान योजना के तहत मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सकीय स्टाफ को दिया जाने वाला इंटेसिव पिछले दो साल से अटका हुआ है। प्रदेश में डीएमई और स्वास्थ्य संचालनालय के साथ डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ मिलाकर करीब 30 हजार कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। सरकारी अस्पतालों में करीब 40 करोड़ का बकाया होने का अनुमान है। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को उपचार के लिए प्रोत्साहित करने और उनमें टीम भावना जागृत करने के लिए पांच साल पहले प्रोत्साहन राशि दिये जाने का नियम बनाया गया था। इसके तहत अस्पतालों को स्वास्थ्य योजना से इलाज के बाद प्राप्त होने वाली क्लेम राशि का 25 फीसदी हिस्सा प्रोत्साहन राशि के रूप में चिकित्सकीय स्टाफ को वितरित किये जाने का प्रावधान किया गया था। प्रोत्साहन राशि का 45 फीसदी हिस्सा प्रमुख और सहायक चिकित्सकों को देने और 55 प्रतिशत हिस्सा नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ को वितरित किए जाने का प्रावधान किया गया था। नियम वर्ष 2020 में बनाया गया जिसके बाद दो साल तक इस राशि का नियमित रूप से भुगतान किया गया। इससे सभी चिकित्सकीय स्टाफ को वेतन के अतिरिक्त राशि प्राप्त होने लगी थी। दो साल के बाद इसे लेकर शिकायतें भी सामने आने लगी और वर्ष 2022 के अंत इसे रोक दिया गया था। उस दौरान पेचीदगियों को दूर कर सिस्टम को लागू करने के लिए समिति का गठन किया गया मगर दो साल से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी इसे लागू नहीं किया जा सका है। अनुमान है कि चिकित्सकीय स्टाफ के करीब दो साल का इंटेसिव भुगतान अटका हुआ है जो 40 करोड़ के आसपास पहुंच चुका है। चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य संचालनालय मिलाकर प्रदेश में करीब 30 हजार कर्मचारी और ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

### सीजीडीएफ का पत्र पहुंचा स्वास्थ्य मंत्री के पास

*प्रोत्साहन राशि की मांग को लेकर पिछले दिनों छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन और जूनियर डाक्टर एसोसिएशन द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को पत्र प्रेषित किया था। सीजीडीएफ के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी और जूडा अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह ने कहा कि इंसेंटिव सभी स्वास्थ्य कर्मियों को शीघ्र प्रदान किया जाना चाहिए ताकि उनका मनोबल बना रहे। इस मामले में पीजी स्टूडेंट एवं रेगुलर जूनियर डॉक्टरों को विशेष ध्यान देने की मांग भी की गई।*




डाक्टर, नर्सिंग सहित प्रदेश में 30 हजार कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि नहीं मिली

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

मुंबई 184/7 Vs पंजाब 187/3

7 विकेट से जीता पंजाब

73 रन : जोश इंग्लिस प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

बेंगलुरु Vs लखनऊ

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### कार के पेड़ से टकराने पर चार युवकों की मौत

**जयपुर।** श्रीगंगानगर जिले में तेज गति से गुजर रही कार के पेड़ से टकराने से चार युवकों की मौत हो गई। यह हादसा सादुलशहर-हनुमानगढ़ राजमार्ग पर खेरूवाला गांव के पास रविवार रात हुआ। मृतकों की पहचान वजीर सिंह (30), सुखविंदर सिंह (21), बलविंदर सिंह (18) और कुलविंदर सिंह (23) के रूप में हुई है।

### दो गुटों में गोलीबारी चाचा-भतीजे की मौत

**मुरैना।** मप्र के मुरैना में अवैध शराब के कारोबार से जुड़े दो गुटों के बीच गोलीबारी में सोमवार को दो लोगों की मौत हो गई। मृतक मिरघान गांव निवासी बंटी भदौरिया (39) और भोला भदौरिया (23) रिश्ते में चाचा-भतीजे थे, जिन्हें शराब कारोबार से जुड़े दूसरे गुट के लोगों ने गोली मारी है।



### स्वास्थ्य भवन को बम से उड़ाने की धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद बम निरोधक और श्वान दस्तों के साथ पुलिसकर्मियों की एक बड़ी टीम मौके पर पहुंची। स्वास्थ्य भवन सॉल्ट लेक पर स्थित है। यह ईमेल स्वास्थ्य सेवा विभाग के एक उपनिदेशक को मिला।



*दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मुंबई, बेंगलुरु समेत देश के कई हिस्सों में दस्तक दे दी है। आने वाले तीन दिनों में इसके और आगे बढ़ने के अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। मुंबई में पिछले 75 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां भारी बारिश के कारण लोकल ट्रेन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इधर, छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम प्री-मानसून ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। राज्य के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।*

## मुंबई में टूटा 75 साल का रिकॉर्ड, केरल-कर्नाटक बेहाल

# छग में प्री-मानसून ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई/रायपुर

देश की आर्थिक राजधानी में सोमवार को मानसून ने जोरदार तरीके से दस्तक दी। भारी बारिश के कारण मध्य रेलवे की हार्बर लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सेवाएं स्थगित कर दी गईं, जबकि महानगर के कई इलाकों में जलभराव की खबरें आईं। पश्चिमी महाराष्ट्र और तटीय कोंकण क्षेत्र के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश की खबर है। एक अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण भूमिगत स्टेशन में पानी भर जाने के बाद सोमवार को आचार्य अत्रे चौक और वर्ली के बीच मेट्रो लाइन 3 पर ट्रेन सेवा स्थगित कर दी गई। ▶▶|शेष पेज 7 पर

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मुंबई, बेंगलुरु समेत देश के कई हिस्सों में दी दस्तक



### मॉनसून ने इन इलाकों में किया प्रवेश

*आईएमडी के अनुसार, मॉनसून ने केंद्रीय अरब सागर के कुछ और हिस्सों, महाराष्ट्र (मुंबई सहित), कर्नाटक (बेंगलुरु सहित), तमिलनाडु के शेष भागों, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, पश्चिम-मध्य और उत्तर बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, और पूर्वोत्तर भारत के मिजोरम के शेष भागों, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर लिया है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि अगले तीन दिनों के भीतर मॉनसून के केंद्रीय अरब सागर के शेष भागों, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के कुछ और क्षेत्रों, उत्तर बंगाल की खाड़ी के शेष भागों, पूर्वोत्तर भारत के बाकी हिस्सों, और सब-हिमालयी पश्चिम बंगाल व सिक्किम तक पहुंचने की संभावनाएं अनुकूल बनी हुई हैं।*

### छत्तीसगढ़ में आज भारी वर्षा का अलर्ट

इधर, प्री मानसून के कारण छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में हल्की और मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में बस्तर संभाग और उससे जुड़े रायपुर-दुर्ग संभाग के जिलों में अंधड़ और भारी बारिश का अनुमान जताया है। इसके अलावा प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की और मध्यम बारिश की संभावना है।

### दिल्ली में मौसम ने ली करवट

दिल्ली ओर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 26 और 27 मई के लिए भी चेतावनी जारी कर दी है। बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ सकता है।

### केरल में सैकड़ों को छोड़ना पड़ा घर

केरल के उत्तरी और पर्वतीय इलाकों में हो रही लगातार मूसलधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। वायनाड, त्रिशूर, कोझिकोड, पलक्कड़ और कन्नूर जैसे जिलों में भारी वर्षा के चलते कई नदियों और जलाशयों का जलस्तर खतरनाक स्तर के करीब पहुंच गया है, जिससे सैकड़ों लोगों को घर-बार छोड़ना पड़ा है। उन्हें राहत शिविरों और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

# देश के सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर अब रायपुर में बनेंगे, 300 करोड़ से अधिक का होगा निवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश की प्रतिष्ठित कंपनी करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने रायपुर में अत्याधुनिक ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस इकाई में 300 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम देश के सबसे बड़े ट्रांसफॉर्मर निर्माण केंद्रों में शामिल हो जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक जैन ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सदन नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक में प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा, निवेश संभावनाएं और रोजगार सृजन के आयामों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि यह यूनिट तकनीकी दृष्टि से देश की सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई होगी, जो भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने निवेश प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़, विकसित भारत ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ दिल्ली में दो निवेश प्रस्ताव से 900 करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव

### एआई डेटा सेंटर- ईएसडीएस करेगी 600 करोड़ का निवेश

छत्तीसगढ़ देश के डिजिटल परिदृश्य में बड़ा कदम रखने जा रहा है। रायपुर में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए टेक्नोलॉजी कंपनी ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन लिमिटेड ने 600 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया है। कंपनी के चेयरमैन पीयूष सोमानी और उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने कहा, यह सेंटर न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारत के डिजिटल भविष्य को गति देगा। इस प्रस्ताव के माध्यम से छत्तीसगढ़ को एआई, क्लाउड टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल स्टोरेज के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में ठोस पहल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, डिजिटल इंडिया की भावना को छत्तीसगढ़ में धरातल पर उतारने के लिए यह निवेश मील का पत्थर साबित होगा।

रातभर गायब रहा मासूम

## 6 साल के बच्चे का अपहरण अगले दिन थाने के बाहर छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

शहर में एक मासूम बच्चे के अपहरण का अजीबो गरीब मामला सामने आया है। घर के पास खेल रहे बच्चे का अज्ञात स्कूटी सवार युवक ने अपहरण कर दिया। बच्चे के गायब होने पर जब परिजन उसकी तलाश कर रहे थे और पुलिस को इस बात की जानकारी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### किया गया परिजन के सुपुर्द

सत्तीपारा से एक बच्चा गुम हो गया था। अगले दिन बच्चे को थाना में लाकर छोड़ दिया गया। बच्चे को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच चल रही है।

**-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी**

### कांग्रेस नेता की डॉक्टर बेटी की सड़क हादसे में मौत

**अकलतरा।** नगर के कांग्रेस नेता मदन सिंह बैस की बेटी डॉक्टर दीपमाला सिंह एमबीबीएस एमडी पीडियाट्रिक की राजनांदगांव में सड़क हादसे में मौत हो गई। पिछले वर्ष जुलाई में डॉ दीपमाला सिंह का राजनांदगांव के डॉ धनंजय सिंह से विवाह हुआ था। 24 मई शनिवार रात 8 बजे के आसपास दीपमाला सिंह ठाकुर (33 वर्ष) पति डॉ. धनंजय सिंह ठाकुर निवासी राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल से अपने घर जा रही थी, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गईं।

1009 एक्टिव केस

## कोरोना की चपेट में 20 से अधिक राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के करीब 20 राज्यों में कोविड 19 के केस मिले हैं। देश की राजधानी दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, केरल आदि राज्यों में भी कोरोना के केस मिले हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की कोविड 19 डैशबोर्ड पर ये अपडेट किया गया है कि देशभर में 1009 कोरोना के एक्टिव केस हैं। कोविड 19 के दो नए वैरिएंट के चपेट में भी कई केस दर्ज किए गए हैं। 19 मई को जब यहां अपडेट ▶▶|शेष पेज 7 पर

### घबराने की जरूरत नहीं

कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर कई राज्यों की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। इसको लेकर अस्पताल में व्यवस्था भी की जा रही है। साथ ही राज्य के स्वास्थ्य विभाग की ओर से ये कहा जा रहा है कि कोरोना को लेकर घबराएं नहीं, अगर लक्षण दिखते हैं तो जांच कराएं।




*हिसार कोर्ट ने जासूस को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा*

## पाक में ज्योति को मिलती थी वीवीआईपी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार की कोर्ट ने 14 दिन के न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दरअसल, पाकिस्तान में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को वीवीआईपी सुविधा मिलती थी। हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ज्योति को लाहौर के अनारकली बाजार में छह एके-47 से लैस सुरक्षाकर्मियों के साथ घूमते हुए देखा गया।

### दानिश के संपर्क में आई ज्योति

बता दें कि यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पाकिस्तान की यात्रा के लिए पाकिस्तानी अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में आईं। वह पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थीं और पाकिस्तान का "कई बार" और एक बार चीन का दौरा कर चुकी थीं। दानिश वही अधिकारी हैं जिन्हें भारत ने अवांछित घोषित कर दिया था।

*तेजप्रताप की नई प्रेम कहानी, सामने आई ऐश्वर्या*

# लालू की बहू बोली- परिवार कर रहा ड्रामा

एजेंसी ▶▶| पटना

लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की नई प्रेम कहानी जब से सामने आई है, तब से लालू परिवार की पॉलिटिकल और पर्सनल रूटीन अनबैलेंस हो गई है। तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या राय भी मीडिया के सामने आईं। तेज प्रताप और ऐश्वर्या राय से जुड़े तलाक का केस पटना के फैमिली कोर्ट में चल रहा है। ऐश्वर्या राय ने कहा कि लालू फैमिली ने मुझसे सच छिपाया। उन्होंने मुझसे झूठ क्यों बोला है? मेरी जिंदगी का मजाक बनाकर रख दिया है। चुनाव की वजह से लालू यादव की फैमिली अब ड्रामा कर रही है। चुनाव के बाद लालू यादव की फैमिली ▶▶|शेष पेज 7 पर



### तेज प्रताप के आंसू पोंछे होंगे राबड़ी ने

ऐश्वर्या ने कहा कि कल ही राबड़ी देवी जी तेज प्रताप यादव के घर गई होंगीं। उनके आंसू पोंछकर कहा होगा कि अभी तुम शांत रहो, हम सब ठीक कर देंगे। एक चैनल से बातचीत में ऐश्वर्या राय ने कहा कि तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से नहीं निकाला गया है। सिर्फ ट्वीट करने से किसी को नहीं निकाला जाता है। ये सब लोग घर में एक साथ बैठते हैं।

### चुनाव को लेकर लालू परिवार ने रचा ड्रामा

ऐश्वर्या ने कहा कि लालू यादव परिवार का ये सब ड्रामा है। चुनाव से पहले तेज प्रताप यादव को पार्टी और घर से निकालने वाली बात ये सब कुछ कवर करने के लिए किया गया है। ऐश्वर्या राय ने कहा, तेजस्वी यादव ने बड़े भाई कह कर रविवार को कहा था कि तेज प्रताप यादव को निकाल दिया गया है। भाभी (खुद) को लेकर उनका क्या कहना है। उनसे जाकर सवाल पूछा जाए कि भाभी (ऐश्वर्या राय) को लेकर क्या कहना है? अभी तो मैं लालू परिवार की बहू ही हूं।

# मंगल ग्रह पर दिखा रहस्यमयी शैतान! नासा के रोवर ने धरती पर भेजी दुर्लभ फोटो



वॉशिंगटन। नासा के पर्सिवरेंस रोवर ने मंगल ग्रह पर एक दुर्लभ सेल्फी है। यह तस्वीर वातावरण को समझने में मददगार साबित होगी। नासा के पर्सिवरेंस रोवर ने यह अनोखी तस्वीर मंगल ग्रह पर 1,500वें सोल (मार्स दिवस) के मौके पर ली है। इसमें एक दुर्लभ 'डस्ट डेविल' (धूल भरी बवंडर) भी नजर आ रहा है। इस सेल्फी को 59 तस्वीरों को मिलाकर बनाया गया है। रोवर ने इसे 'विच हेजल हिल' नामक जगह पर लिया है।

## पृथ्वी पर भेजता है मंगल ग्रह के नमूने



यह रोवर मंगल की सतह पर अलग-अलग वैज्ञानिक प्रयोग कर रहा है और वहां की चट्टानों और मिट्टी के नमूने एकत्रित कर रहा है। इस तस्वीर में दिख रहा डस्ट डेविल न सिर्फ एक अद्भुत दृश्य है, बल्कि इससे मंगल ग्रह के मौसम और वातावरण को समझने में वैज्ञानिकों को मदद मिलेगी। इस तरह की घटनाएं नासा के मिशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे मंगल ग्रह के वातावरण की जटिलताओं को उजागर करती हैं और भविष्य के मिशनों की योजना बनाने में मदद करती है।



### आखिर तस्वीर में क्या है?

इस फोटो में रोवरे के बिल्कुल सामने आइलैंड बोरहोल दिख रहा है, तो वहीं पीछे की तरफ हवा में उठता धूल का एक बवंडर साफ तौर पर दिख रहा है। पर्सिवरेंस रोवर ने यह तस्वीर 10 मई 2025 को ली थी, जिसे अब पृथ्वी पर भेजा है। तस्वीर में रोवर के पिछले मार्ग के निशान भी साफ देखे जा सकते हैं।

### नासा ने क्या कहा?

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, यह डस्ट डेविल रोवर से करीब 5 किलोमीटर दूर था और यह एक दुर्लभ प्राकृतिक घटना है। यह मंगल ग्रह के वातावरण की गतिशीलता को दिखाती है। नासा ने पर्सिवरेंस रोवर को 30 जुलाई 2020 को लॉन्च किया गया था, जो 18 फरवरी 2021 को मंगल ग्रह पर पहुंचा था।

---

**रोचक खबरें**



## पूड़ी-सब्जी और 1 किलो मीट के बाद 80 रसगुल्ले खा जाता है ये आदमी

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड के कोशीशरण घरबंधा गांव के मैथिल ब्राह्मण टोला निवासी जोगेश्वर झा अपनी अनोखी खाने की आदतों के लिए चर्चा में हैं। मिथिलांचल क्षेत्र में बारात के भोज में वह 1.5 किलो मांस के बाद 80 से अधिक रसगुल्ले खा लेते हैं। जोगेश्वर झा, जो गांव में किराना दुकान चलाते हैं, उन्होंने बताया कि मिथिलांचल की शादी-ब्याह में भोजन का विशेष महत्व है। वह भोज में पूड़ी, सब्जी, चावल और मांस खाने के बाद भी 80-85 रसगुल्ले खा लेते हैं। अगर, केवल रसगुल्ले खाने की बात हो, तो वह 125 से अधिक रसगुल्ले खा सकते हैं। जोगेश्वर के अनुसार, रसगुल्ले खाने में बहुत मजा आता है। एक जोश होता है कि कितने अधिक रसगुल्ले खाए जा सकते हैं। जोगेश्वर ने बताया कि मिथिलांचल की शादी-ब्याह में रसगुल्ला खाना एक परंपरा-सी है। यहां के अधिकतर लोग भोज में 50 से अधिक रसगुल्ले खा लेते हैं। जोगेश्वर का कहना है जब मांस के साथ खाना होता है, तब मैं 80-85 रसगुल्ले खाता हूं, लेकिन बिना मांस के 125 से अधिक रसगुल्ले खा लेता हूं।

## कोरोना से भी खतरनाक है ये फंगस खा लेता है फेफड़े से दिमाग तक!



**लंदन।** दुनिया भर में दो राउंड की तबाही मचाने के बाद एक फिर से कोरोना की लहर लौट आई है। लगातार इसके केसेज़ बढ़ते जा रहे हैं। इसी बीच वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन ने एक ऐसा फंगस को लेकर भी चेताया है, जो कोरोना से कहीं ज्यादा खतरनाक है। ये शरीर के अंदर से नुकसान पहुंचाता है और बेहद तेज़ी से बढ़ता है। ये अजीबोगरीब फंगस पूरी दुनिया में फैल रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह जल्द ही ब्रिटेन तक पहुंच सकता है। इसे आप साइंस फिक्शन सीरीज़ की तरह समझ सकते हैं। इस सीरीज़ में जिस तरह से एक फंगल इंफेक्शन की वजह से धीरे-धीरे पूरी दुनिया की तबाह हो जाती है, उसी तरह ये फंगस भी अगर फैला, तो इंसानों के लिए बड़ा खतरा बन जाएगा। इस फंगस का नाम एस्परगिलोसिस एस्परगिलस फफूंद है, जो एस्परगिलोसिस नामक जानलेवा बीमारी का कारण बनता है। यह फेफड़ों को संक्रमित करता है और दिमाग तक फैल सकता है। इसकी वजह से इंसान को गंभीर बीमारी और आखिरकार मृत्यु भी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा बताया है। आशंका है कि यह फंगस जल्द ही उत्तरी अमेरिका, यूरोप, चीन और रूस में फैल सकता है। कितना खतरनाक है ये फंगस?आपको बता दें कि एस्पर्जिलोसिस की मृत्यु दर 85.2% है। साल 2022 में डब्ल्यूएचओ ने इसको अपने महत्वपूर्ण फंगल रोगजनकों की सूची में शामिल किया था।

## एआई बदमाश हो गया? डेवलपर को ही करने लगा ब्लैकमेल



**न्यूयार्क।** एआई मॉडल भी अब खतरनाक रूप लेता जा रहा है। पहले इसे पॉजिटिव ही सोचा जा रहा था, लेकिन अब यह धमकी देने पर उतर आया है। ताजा मामला सुनकर लोग हैरान रह गए। एक आई मॉडल को जब पता चला कि उसकी जगह नया एआई मॉडल लेने वाला है तो वह बदमाशी पर उतर आया। अगर आपसे कहा जाए कि एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ब्लैकमेल कर रहा है तो पहली बार आपको यकीन ही नहीं होगा। लेकिन, एक बार फिर यह साफ हो गया है कि यह जितना अच्छा है, उतना ही गड़बड़ भी. यह लोगों की जिंदगियां तो आसान बना रहा है। लेकिन, अब धमकी भी देने लगा है। हां, किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि जैसे इंसान धमकी देते हैं, राज़ बताकर ब्लैकमेल करते हैं ठीक वैसा ही एआई मॉडल भी करने लगेगा। हालांकि. यह सच हो गया है। अमेरिका की एक एआई कंपनी में जो कुछ हुआ वह पूरी दुनिया के लिए हैरान करने वाला है। अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप कंपनी एंथ्रोपिक ने बताया है कि उसका नया लॉन्च किया गया एआई मॉडल क्लाउड ओपस 4 अपने डेवेलपर्स को ही ब्लैकमेल करता हुआ पाया गया है। एंथ्रोपिक के मुताबिक यह पता चलने पर कि एक नया एआई सिस्टम उसकी जगह लेगा, क्लाउड ओपस 4 ने 84% मामले में डेवलपर्स को ब्लैकमेल करने की कोशिश की। दरअसल, एआई मॉडल के नैतिक परीक्षण के लिए एक झूठी कहानी बनाई गई। मॉडल को एक काल्पनिक इलेक्ट्रॉनिक मेल का एक्सेस दिया गया, जिसके जरिए बताया गया कि मौजूदा एआई को एआई की दूसरी प्रणाली द्वारा हटा दिया जाएगा।

---

# लोग ड्रिंक से पहले 'चीयर्स' क्यों कहते हैं? इसके पीछे हैं चार वजह

नई दिल्ली। चाहे वह एक कॉफी का कप हो या बीयर का गिलास, जब हम अपने बगल में किसी के साथ पीते हैं, तो हमारे मुंह से 'चीयर्स' शब्द निकलना लाजिमी है। यह उन चीजों में से एक है जो हम सभी करते हैं और पिछले कुछ सालों में यह एक तरह की आदत बनी हुई है। लेकिन, लोग चीयर्स क्यों कहते हैं और क्या यह सिर्फ एक सामाजिक रिवाज है या इसका कोई मतलब भी है? यकीन मानिए, इस बारे में बहुत कम लोगों को ही पता होगा। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी कि इसके पीछे चार वजह हैं। उनके बारे में जानने के बाद आप भी कहेंगे कि गजब।

### सुरक्षा

पुराने जमाने में जहर देकर हत्या आम थी। लोग गिलास जोर से टकराते और



'चीयर्स' चिल्लाते, ताकि दोनों गिलासों का पेय आपस में मिल जाए। इससे यह यकीन हो जाता था कि ड्रिंक में कोई जहर नहीं है, क्योंकि दोनों एक-दूसरे का पेय पी रहे हैं। यह रिवाज उस वक्त की सतर्कता को दिखाता है, जो आज भी जाम टकराने में जिंदा है।

### पांचों इंद्रियों का इस्तेमाल

इंसान के पास 5 ज्ञानेंद्रियां होती हैं, जिसमें आंख, कान, नाक, जीभ, त्वचा शामिल है। ऐसे में आप ड्रिंक को देख सकते हैं, छू सकते हैं, जीभ से उसका स्वाद ले सकते हैं, सूंघ सकते हैं। लेकिन, पांचवीं इंद्री सुनने को शामिल करने के लिए गिलास टकराने की आवाज और 'चीयर्स' की पुकार जरूरी थी। यह हर ड्रिंक को एक बेहतरीन अनुभव में बदल देता है।



### भूत भगाना

मध्यकाल में लोग मानते थे कि जोर से गिलास टकराने और 'चीयर्स' चिल्लाने से बुरी आत्माएं भाग जाती हैं। कुछ लोग गिलास टकराकर थोड़ा पेय जमीन पर गिराते थे, ताकि बुरी आत्माएं उसे पीकर चली जाएं।यह अंधविश्वास आज भले ही मजेदार लगे, लेकिन उस वक्त यह गंभीर रिवाज था।



### भगवान को चढ़ावा

इंटरनेशनल हैंडबुक ऑफ अल्कोहल एंड कल्चर के मुताबिक, 'चीयर्स' कहकर जाम टकराना पुराने समय की बलि प्रथा से जुड़ा है। लोग शराब या खून भगवान को चढ़ाते थे, ताकि उनकी मन्नत पूरी हो। 'चीयर्स'का मतलब था लंबी उम्र या सेहत के लिए। यह प्रथा आज टोस्ट के रूप में जिंदा है, जहां लोग अच्छी जिंदगी की कामना करते हैं।



### अब बन चुकी है एक परंपरा

बता दें कि इन वजहों ने 'चीयर्स' को सिर्फ एक शब्द से ज्यादा बना दिया, जो अब एक परंपरा बन चुकी है और सदियों से चली आ रही है। भारत के खासकर शहरी इलाकों में लोग कॉफी, चाय या शराब के साथ 'चीयर्स'कहते हैं। यह दोस्ती, खुशी और एकजुटता का प्रतीक है। अगली बार जब आप गिलास उठाएं, तो 'चीयर्स' के पीछे की इन कहानियों को याद करें। यह न सिर्फ ड्रिंक का मजा बढ़ाएगा, बल्कि आपको इतिहास से भी जोड़ेगा। यह परंपरा हमें सिखाती है कि छोटी-छोटी चीजें भी कितना गहरा मतलब रखती हैं।

---

# खेतों में फिर बनी अजीब डिजाइन, किसी को है एलियन्स पर शक, तो किसी को लगता है कुछ और

लंदन। आसमान से किसी खेत में दिखने वाली आकृतियां अक्सर रहस्य और चर्चा का विषय बन जाती हैं। ऐसा पहले कई बार हो चुका है। ब्रिटेन में कई बार गांवों के खेत में अजीब सी डिजाइन देखने को मिली हैं। काउंटी क्रॉप सर्कल नाम से मशहूर ये आकृतियां ब्रिटेन में 1970 में चर्चा में रह चुकी हैं। और इस साल एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार स्टोनहेंज से केवल 13 मील दूर विल्टशायर में बना है।



### अलग-अलग आकृतियों के पैटर्न

इसमें सेल्टिक नॉट या चार-कोण वाला तारा जैसा पैटर्न था। यह एक गोल सर्कल के अंदर था. पर ऐसा नहीं है कि यह केवल एक ही जगह पर मिले हैं। 30 मील दूर डोरसेट में भी एक अनोखा क्रॉप सर्कल मिला। इसमें दो सर्कल थे। इनमें भी ज्यामितीय आकृतियां थीं। क्रॉप सर्कल खेतों या लंबी घास में बनने वाली रहस्यमयी आकृतियाँ हैं।

### एलियन्स या कुछ और?

ये आमतौर पर रात में बनते हैं। यूएफओ सिद्धांतवादी मानते हैं कि ये एलियंस के संदेश हैं। कुछ लोग इन्हें कला या मजाक मानते हैं। कुछ का कहना है कि लकड़ी के तख्तों से ये सर्कल बनाए जाते हैं। इससे लोग एलियंस की मौजूदगी से डरते हैं। वहीं,कई लौग मानते हैं कि एयलियन्स के छोड़े गए खास तरह के संदेश या इशारे होते हैं, जिन्हें समझने की जरूरत है। **कितनी देर में बनते हैं ये :** कुछ सर्कल 1000 फीट लंबे होते हैं। फिर भी, इन्हें बनाने में कुछ मिनट लगते हैं। ये सर्कल अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जापान में भी मिले हैं। लेकिन, सबसे ज़्यादा यूनाइटेड किंगडम में मिलते हैं। यूके के 80 प्रतिशत क्रॉप सर्कल विल्टशायर में मिले। 2005 से अब तक यहाँ 380 से ज़्यादा सर्कल रिकॉर्ड किए गए।

### कैसे बनते हैं रहस्य है ये

ये एक अदृश्य स्रोत से बनते हैं। वहीं , कुछ इतने बड़े बने थे कि वैज्ञानिकों का कहना था कि इसे एक रात में इंसान नहीं बना सकते। कुछ गवाहों ने बताया कि सर्कल बनने से पहले खेतों के ऊपर रोशनी के गोले और अजीब किरणें दिखीं। कुछ लोग मानते हैं कि ये प्रकृति की अनोखी घटनाएं हो सकती हैं। विल्टशायर में क्रॉप सर्कल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। लोग इन्हें देखने दूर-दूर से आते हैं।

### किसानों के लिए हैं नुकसानदायक

किसानों के लिए ये नुकसानदायक हैं। उनकी फसलें बर्बाद हो जाती हैं। वैज्ञानिक और शोधकर्ता इन सर्कल का अध्ययन कर रहे हैं। वे जानना चाहते हैं कि ये कैसे बनते हैं। कुछ का मानना है कि ये कुदरती ऊर्जा से बन सकते हैं। दूसरों का कहना है कि ये उन्नत तकनीक का नतीजा हैं। कुल मिलाकर क्रॉप सर्कल रहस्य और रोमांच का विषय बने हुए हैं।

---

# 10,000 बच्चों का बाप है ये मगरमच्छ, उम्र 124, कभी इंसानों को चबा जाता था जिंदा

**लंदन।** पानी के सबसे खतरनाक जीवों में मगरमच्छ का नाम शुमार किया जाता है। ये बड़े से बड़े शिकार को जब दबोच लेते हैं, तो उनका जिंदा बच पाना मुश्किल होता है। शायद इसी वजह से 'पानी में रहकर मगर से बैर' जैसी कहावतें लोकप्रिय हुईं। आमतौर मगरमच्छ 50 से 75 साल जीते हैं, उनमें से कुछ 120 तक भी जिंदा रहते हैं। लेकिन इनमें नील क्रोकोडायल को सबसे खतरनाक माना जाता है। ऐसे में आज हम आपको ऐसे आदमखोर नील मगरमच्छ के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका नाम हेनरी है। वो दक्षिण अफ्रीका के क्रॉक्रवर्ल्ड कंजर्वेशन सेंटर में रहता है। 124 साल की उम्र में यह दुनिया का सबसे बूढ़ा मगरमच्छ माना जाता है, जिसने 10,000 से ज्यादा बच्चों को जन्म दिया। लेकिन, शुरुआत में ये इंसानों को जिंदा चबा जाता था। इसकी कहानी हैरान करने वाली है।



### कई पुरुषों और बच्चों पर किया हमला

नील क्रोकोडायल हेनरी ने बीते 16 दिसंबर 2024 को दक्षिण अफ्रीका के क्रॉक्रवर्ल्ड कंजर्वेशन सेंटर में अपना 124वां जन्मदिन मनाया। लाइव साइंस के मुताबिक, इसका जन्म 1900 के आसपास बोत्सवाना के ओकावांगो डेल्टा में हुआ था। अलबामा यूनिवर्सिटी के जीवविज्ञानी स्टीवन ऑस्टैड ने लाइव साइंस को बताया, 'वह बहुत बूढ़ा है, 100 साल या 130, हमें ठीक-ठीक नहीं पता, लेकिन 124 साल मगरमच्छ के लिए असंभव नहीं है।'

### 26 देशों में पाए जाते हैं नील मगरमच्छ

नील क्रोकोडायल हेनरी साल 1985 से क्रॉक्रवर्ल्ड में ही रह रहा है, जहां उसकी देखभाल ने उसकी उम्र बढ़ाने में मदद की. 700 किलो वजन और 16.4 फीट लंबा हेनरी क्रॉक्रवर्ल्ड में छह मादा मगरमच्छों के साथ रहता है और 10,000 से ज्यादा बच्चों का पिता बन चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्रॉक्रवर्ल्ड का सुरक्षित माहौल और अच्छी देखभाल उसकी लंबी उम्र का बड़ा कारण है। ऑस्टैड कहते हैं, 'जो जानवर सुरक्षित माहौल में रहते हैं, वे ज्यादा जीते हैं।'

### विशाल आकार और डरावने दांत बनाते हैं क्रॉक्रवर्ल्ड का सितारा

मगरमच्छों की उम्र का अध्ययन मुश्किल है, क्योंकि उन्हें छोटी उम्र में पकड़कर टैग करना पड़ता है और फिर सालों तक नजर रखनी पड़ती है। ऑस्टैड मजाक में कहते हैं, 'मगरमच्छ वैज्ञानिकों के पूरे कॅरियर से ज्यादा जीते हैं।' हेनरी जैसे मगरमच्छों की स्टडी से हमें उनके इम्यून सिस्टम और लंबी उम्र के राज पता चल सकते हैं। बता दें कि हेनरी का आकर्षण सिर्फ उसकी उम्र तक सीमित नहीं है। उसका विशाल आकार और डरावने दांत उसे क्रॉक्रवर्ल्ड का सितारा बनाते हैं। सितंबर 2024 में टीवी होस्ट रॉबर्ट एलेवा का हेनरी के साथ एक वीडियो वायरल भी हुआ था। उस वीडियो में रॉबर्ट हेनरी के पास गए और काफी डरे हुए नजर आए। क्रॉक्रवर्ल्ड हर साल हेनरी का जन्मदिन धूमधाम से मनाता है, जिसमें मुफ्त कपकेक और रैफल जैसे आयोजन होते हैं। हेनरी की कहानी हमें प्रकृति की ताकत और संरक्षण की अहमियत सिखाती है।

---

## ब्वॉयफ्रेंड के शौक पूरा करने के लिए बनी चोर, अजब प्रेम की गजब कहानी



**बहराइच।** गर्लफ्रेंड के शौक पूरे करने के लिए युवकों के चोर बनने की खबरें तो आपने जरूर सुनी होंगी, लेकिन यूपी के बहराइच में एक युवती अपने ब्वॉयफ्रेंड के महंगे शौक पूरे करने के लिए जुर्म का रास्ता चुन लिया। युवती जिस घर में झाड़ू-पोछा लगाने का काम करती थी। उसी घर में लाखों की चोरी कर डाली।हालांकि, पुलिस ने युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सारा माजरा साफ हो गया। दरअसल, शहर के काजीपुरा निवासी शाहिद सगीर के घर चोरी हुई थी। इस वारदात को पड़ोस में रहने वाली युवती ने अंजाम दिया था। जब घटना की सूचना पुलिस को मिली तो जांच पड़ताल शुरू हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो आरोपी की पहचान हो गई। पुलिस की माने तो आरोपी ने सोने-चांदी के जेवर के साथ ही 40 हजार की नगरी पर भी हाथ साफ किया था। पुलिस पूछताछ के दौरान मामले का पर्दाफाश हुआ। पूछताछ में पता चला कि वह जिस घर में साफ-सफाई का काम करती थी, वहीं पर 7 से 8 लाख रुपए की चोरी की। साथ ही मकान मालिक के घर की तिजोरी में रखे सोने-चांदी के लाखों के जेवर को भी साफ कर दिया।शातिर चोरनी ने अपने ब्वॉयफ्रेंड को 1 लाख 27 हजार रुपए की राइडर बाइक दिलाई। चोरी के बाद शहर के एक सर्राफा कारोबारी के पास सोने-चांदी के जेवरात बेच दिए. जब इस वारदात का खुलासा हुआ तो आरोपी पुलिस के साथ मौके पर जाकर खरीदार के दुकान की पहचान करवाई।

संसदीय समिति से बोले विदेशमंत्री जयशंकर

# 'पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के 30 मिनट बाद दी जानकारी'




कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने ऑपरेशन की जानकारी देने को बनाया है मुद्दा

पाक द्वारा कुछ भी एक्शन लेने का दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संसदीय सलाहकार समिति को बताया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करने के 30 मिनट के अंदर पाकिस्तान को सूचना दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान और पाक के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। 7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया गया था। सूत्रों ने विदेश मंत्री के हवाले से बताया कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के आधे घंटे के अंदर ही पाकिस्तान को बता दिया गया था कि केवल आतंकवादी ठिकानों को ही निशाना बनाया जा रहा है।

### संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में हुई चर्चा

विदेश मामलों पर संसदीय सलाहकार समिति की बैठक एस जयशंकर की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद को लेकर चर्चा की गई। इसमें कांग्रेस की ओर से के. सी. वेणुगोपाल, मुकुल वासनिक और गुरजीत सिंह औजला शामिल हुए, जबकि समाजवादी पार्टी से जया बच्चन, डीएमके के दयानिधि मारन शिवसेना से प्रियंका चतुर्वेदी, अपराजिता सारंगी और भाजपा के अनिल फिरोजिया भी मीटिंग में शामिल हुए।

### कांग्रेस ने क्या उठाए सवाल?

सीमा पार आतंकवाद पर आज हुई संसदीय सलाहकार समिति की बैठक पर कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि सरकार यह स्पष्ट करने में असमर्थ रही कि भारत-पाकिस्तान के बीच एकता क्यों? अब एक वास्तविकता बन गई है। कांग्रेस ने पाकिस्तान को दिए गए आईएमएफ (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) के ऋण और भारत के इससे दूर रहने का मुद्दा भी उठाया। कांग्रेस ने पाकिस्तान और चीन के बीच सैन्य और सामरिक संबंधों को गहरा करने के बारे में अपनी चिंता जताई। कांग्रेस ने पाकिस्तान और भारत के बीच शांति स्थापित करने के बारे में मार्को रुबियो के बयान का मुद्दा उठाया।

### तनाव बढ़ने से बचने दी गई जानकारी

इस्लामाबाद की पहल पर भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधे संवाद के बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम लागू हुआ। बैठक में मौजूद सूत्रों ने बताया कि जयशंकर ने सदस्यों को भरोसा दिलाया कि भारत ने केवल आतंकी ढांचे को निशाना बनाते हुए सटीकता से काम किया है और तनाव बढ़ने से बचने के लिए पाकिस्तान को तुरंत इस बारे में बताया गया है। भारत पाकिस्तान सीजफायर में अमेरिकी दावे को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का रुख दस शब्दों में बता दिया गया है। वे गोली चलाते हैं, हम गोली चलाते हैं। वे रुकते हैं तो हम भी रुकते हैं। एस जयशंकर ने ये भी कहा कि जब अमेरिकी विदेश मंत्री ने खुफिया जानकारी दी कि पाकिस्तान बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई कर सकता है तो भारत ने दृढ़ता से जवाब दिया कि अगर पाकिस्तान ने हमला बढ़ाया तो हम उसी तरह जवाब देने के लिए तैयार हैं।

## ओआईसी में कश्मीर मुद्दा : भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत

# भारत विरोधी टिप्पणी को दस्तावेज में शामिल करने से कर दिया मना

**खास बातें**

- तीन मुस्लिम देशों ने पाकिस्तान के मंसूबे पर फेरा पानी
- ओआईसी में शामिल हैं 57 मुस्लिम देश



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक मोर्चे पर एक बार फिर भारत ने बड़ी जीत हासिल की है। इस बार भारत ने न केवल पाकिस्तान के भारत विरोधी प्रस्ताव को नाकाम किया, बल्कि इस्लामिक सहयोग संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान की छवि को और धूमिल कर दिया। दरअसल, पाकिस्तान ने ओआईसी की संसदीय संघ की बैठक में कश्मीर मुद्दे को उठाकर भारत को घेरने की कोशिश की थी, लेकिन तीन प्रमुख मुस्लिम देशों – इंडोनेशिया, मिस्र और बहरीन- ने उसका यह मंसूबा नाकाम कर दिया। बैठक जकार्ता में हुई थी, जिसमें पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ प्रस्ताव रखा। लेकिन इंडोनेशिया ने इसका विरोध किया और मिस्र व बहरीन ने उसका समर्थन करते हुए भारत विरोधी टिप्पणी को दस्तावेज़ में शामिल करने से मना कर दिया। यह घटना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका साबित हुई, क्योंकि ओआईसी में 57 मुस्लिम देश शामिल हैं, जिनमें से कई अब भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बना चुके हैं।

### भारत की कूटनीतिक पहल

भारत ने भी कूटनीतिक स्तर पर अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। बीजेपी के सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल को 32 देशों में भेजा गया है, जिसका उद्देश्य वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को दी जा रही शह को उजागर करना है। इस प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में बहरीन के उप प्रधानमंत्री शेख खालिद बिन अब्दुल्ला अल खलीफा से मुलाकात की। इस मौके पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने बताया कि बहरीन भारत का पुराना सहयोगी है और ओआईसी में भारत का समर्थन करता रहेगा।

### इस्लामी देशों में पाक की कमजोर पकड़

ओआईसी के कुछ दस्तावेजों में भले ही फिलिस्तीन और गाजा से संबंधित सख्त टिप्पणियां की गई हों, लेकिन भारत के खिलाफ पाकिस्तान द्वारा की गई टिप्पणी को मंजूरी नहीं मिली। इसका साफ मतलब है कि इस्लामी देशों में अब पाकिस्तान की पकड़ कमजोर होती जा रही है। कई मुस्लिम देश अब भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी और आर्थिक सहयोग को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं।




# सीआरपीएफ जवान निकला पाक जासूस

*एनआईए ने दिल्ली से किया गिरफ्तार*

*2023 से पाकिस्तान को दे रहा था 'सीक्रेट' जानकारी*




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में एक के बाद एक पाकिस्तानी जासूस सामने आ रहे हैं। अब एक और जासूस को अरेस्ट किया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने एक सीआरपीएफ जवान को पकड़ा है। वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस के अधिकारियों के साथ में संवेदनशील जानकारी शेयर कर रहा था। एनआईए ने कहा कि उसने सीआरपीएफ के जवान को दिल्ली से गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ कर रही है। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि उसे उसकी सेवाओं से बर्खास्त कर दिया गया है। पटियाला हाउस कोर्ट की स्पेशल कोर्ट ने उसे 6 जून तक एजेंसी की कस्टडी में भेज दिया है। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने सीआरपीएफ के जवान को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान मोती राम जाट के तौर पर हुई है।

### गुजरात के कच्छ से भी एक शख्स गिरफ्तार

बता दें कि गुजरात एटीएस ने शनिवार को भी कच्छ इलाके से एक शख्स को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने और बॉर्डर, बीएसएफ और भारतीय नेवी के बारे में अहम जानकारी शेयर करने के आरोप में गिरफ्तार किया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता के तौर पर काम करने वाले सहदेव सिंह गोहिल को एक बार की उसकी गतिविधि के लिए करीब 40,000 रुपये दिए गए थे। वह व्हाट्सएप पर पाकिस्तान की अदिति भारद्वाज के संपर्क में आया। एजेंट ने उसे हनीट्रैप में फंसाया और इलाके और सुरक्षा बलों की जानकारी उससे शेयर कर ली।

## मुजफ्फरनगर में अंडर कंस्ट्रक्शन मस्जिद सील, दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक अवैध मस्जिद पर एक्शन हुआ है। पुलिस ने बगैर अनुमति के बनाई जा रही मस्जिद पर कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है। इसके साथ ही मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। दरअसल, जिले के भोपा थाना क्षेत्र स्थित मोरना गांव में बगैर शासन की अनुमति के एक मस्जिद का निर्माण किया जा रहा था। जब इसकी सूचना जिला प्रशासन को मिली तो वह पुलिस की टीम के साथ जांच पड़ताल करने मौके पर पहुंची। जांच-पड़ताल के क्रम में ये मस्जिद अवैध पाई गई। जिसके चलते इसे सील कर दिया गया।

## प्लेन उतरते समय चमकी लेजर बीम, मचा हड़कंप

**चेन्नई।** तमिलनाडु चेन्नई में रात के वक्त एरोप्लेन में उतरते समय एक विमान पर हरे रंग की लेजर बीम चमकी, जिससे हड़कंप मच गया। मामला सामने आने के बाद जांच शुरू की गई है। दुबई से 326 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने वाली फ्लाइट सिटी एयरपोर्ट पर उतरने ही वाली थी। जैसे ही फ्लाइट नीचे उतरने लगी, पायलट ने देखा कि कॉकपिट पर एक हाई पॉवर वाली हरे रंग की लेजर बीम चमक रही थी। कथित तौर पर एयरपोर्ट के नज़दीक से लेजर पॉइंटर चमकाया गया, जिसकी वजह से पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी जानकारी दी।



# फ्रांस के राष्ट्रपति को पत्नी ने मारा थप्पड़? प्लेन से उतरते वक्त का सीन कैमरे में कैद

एजेंसी ▶▶| पेरिस



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के वियतनाम दौरे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें उनकी पत्नी ब्रिजिट मैक्रों विमान का दरवाजा खुलते ही उनके चेहरे पर चपत लगाती दिख रही हैं। मैक्रों रविवार को वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंचे लेकिन उनके इस राजनीतिक दौरे से ज्यादा चर्चा उनके उस वीडियो की हो रही है जिसमें उन्हें पत्नी के हाथों चपत लग रही है और फिर वो अपनी पत्नी के साथ सीढ़ियों से नीचे उतरते दिख रहे हैं। रविवार को मैक्रों के विमान ने वियतनाम की राजधानी हनोई में लैंड किया। इसके बाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसे समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ने कैमरे में कैद किया है।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इसे खूब शेयर किया जा रहा है। इसी बीच वीडियो को लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति भवन एलिसी पैलेस के अधिकारियों का कहना है कि यह पति-पत्नी के बीच हंसी-मजाक का पल था। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, एलिसी पैलेस के एक अधिकारी ने कहा, 'उस पल में राष्ट्रपति और उनकी पत्नी दौरा शुरू करने से पहले हंसी-मजाक कर रहे थे।

## एलन मस्क के हाई स्पीड इंटरनेट से 'बिगड़ने' का किया था दावा

# ब्राजील की मारुबो जनजाति ने ठोका न्यूयार्क टाइम्स पर केस

एजेंसी ▶▶| रियो

ब्राजील के जावारी घाटी में रहने वाली मारुबो जनजाति को एलन मस्क की स्टारलिंक ने हाई-स्पीड इंटरनेट की सौगात दी। इससे जनजाति के करीब 2,000 लोगों की जिंदगी में क्रांति आ गई। उनके लिए आपात स्थिति में मदद बुलाना आसान हो गया, मेडिकल हेलिकॉप्टर अब घंटों में पहुंच जाते हैं और दूर रहने वाले रिश्तेदारों से बातचीत भी शुरू हो गई। हालांकि उनकी कहानी ने अनोखा मोड़ तब ले लिया, जब इंटरनेट के नुकसान सामने आने लगे।

**इंटरनेट से जनजाति की संस्कृति को नुकसान पहुंचने का आरोप**



**न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट से भड़के ट्राइब :** जून 2024 में न्यूयॉर्क टाइम्स ने मारुबो जनजाति के गांवों का दौरा किया और एक रिपोर्ट छापी। इसमें कहा गया कि इंटरनेट के आने से जनजाति की युवा आबादी गंदी फिल्में देखने के आदी हो गए और घंटों सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि जनजाति के नौजवान फोन से चिपके रहते हैं, ग्रुप चैट में गपशप, हिंसक वीडियो गेम्स, और गंदी फिल्में देखते हैं।

### ठोका 1400 करोड़ का मुकदमा!

मारुबो जनजाति को यह रिपोर्ट बिल्कुल पसंद नहीं आई। मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने लॉस एंजिल्स कोर्ट में 133 मिलियन पाउंड (लगभग 1,400 करोड़ रुपये) का मानहानि का मुकदमा ठोक दिया। इसमें न्यूयॉर्क टाइम्स के साथ-साथ टीएमजेड, और याहू जैसे न्यूज़ आउटलेट्स को मारुबो जनजाति ने लपेटे में लिया है। जनजाति का कहना है कि उनकी छवि को गलत तरीके से पेश किया।

### वरदान बना अभिशाप

मारुबो जनजाति का केस दिखाता है कि इंटरनेट अगर वरदान है, तो ये अभिशाप भी बन सकता है। एक तरफ, इसने उनकी जिंदगी को आसान बनाया, दूसरी तरफ मीडिया की सनसनीखेज खबरों ने उनकी छवि को दागदार कर दिया। अब ये मामला कोर्ट में पहुंचने के बाद जहां मीडिया आउटलेट अपनी रिपोर्ट को हार्मलेस साबित करेंगे, तो जनजाति अपनी बातों को सही ठहराने की पूरी कोशिश करेगी।



## चिंतन

# एमएसएमई की दिक्कतों को दूर करना होगा

जापान को पछाड़कर भारत बेशक मामूली अंतर से अंकड़ों में विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई हो, लेकिन जब तक हमारी अर्थवयस्था में निर्यात पर निर्भरता निम्न से निम्नतम होकर आत्मनिर्भरता हासिल करने और जमीनी स्तर पर रोजगार सृजन की क्षमता नहीं होगी, भारत सही मायने में आर्थिक शक्ति नहीं कहलाएगा। अगर एक तरफ सरकार करीब अपनी दो तिहाई आबादी (81 करोड़ लोगों) को 5 किलो मुफ्त अनाज देने के लिए मजबूर है और दूसरी तरफ देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया हो तो यह बिल्कुल विरोधाभास स्थिति है। नीति आयोग भी अपनी चौथी अर्थव्यवस्था बनने की रिपोर्ट पर मुतमईन नहीं है, इसलिए मझोले उद्योग के सामर्थ्य व संभावनाओं को लेकर आयोग ने इसके परिदृश्य को बदलने पर जोर दिया है। नीति आयोग ने सोमवार को मझोले उद्योगों को भविष्य के वृद्धि इंजन में बदलने के लिए वित्तीय माध्यमों, प्रौद्योगिकी एकीकरण और एक केंद्रीकृत डिजिटल पोर्टल की वकालत की है। आयोग ने 'मझोले उद्योगों के लिए नीति तैयार करना' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में इन उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया और उनकी पूरी क्षमता को उगाजर करने के लिए लक्षित हस्तक्षेप पर जोर दिया है। मझोले उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए रिपोर्ट में उद्यम कारोबार से जुड़ी एक कार्यशील पूंजी वित्तपोषण योजना, बाजार दर पर पांच करोड़ रुपये के क्रेडिट कार्ड की सुविधा और एमएसएमई मंत्रालय की देखरेख में बैंकों के माध्यम से तेजी से धन वितरण तंत्र बनाने की सिफारिश की गई है। आयोग ने एमएसएमई मंत्रालय के भीतर एक समर्पित शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की स्थापना की भी सिफारिश की है। यह प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महत्व की क्लस्टर आधारित परियोजनाओं के लिए आत्मनिर्भर भारत कोष का लाभ उठाएगा। भारत को अगर विकसित देश बनना है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना है तो मझोले उद्योगों यानी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना होगा, केवल वृहत उद्योग व शेयर बाजार के पूंजीकरण के भरोसे देश आर्थिक निर्भरता हासिल नहीं कर सकेगा। दरअसल, देश के मानव श्रम को खपाने की क्षमता मझोले उद्यम में ही है। देश की विनिर्माण अर्थव्यवस्था में मझोले उद्योगों का योगदान 36.2 फीसदी है, जीडीपी में करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है और इसमें करीब 12 करोड़ लोग काम कर रहे हें। इसकी क्षमता को बढ़ा कर 25 करोड़ रोजगार पर लाया जा सकता है। एमएसएमई भारत के कुल निर्यात में लगभग 45 फीसदी (वित्त वर्ष 2021-22) का योगदान देते हैं एमएसएमई क्षेत्र में स्किल के साथ अनस्किल श्रम को भी रोजगार देने की क्षमता है। नीति आयोग ने इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पिटिटिवनेस के साथ मिलकर रिपोर्ट जारी की है, जिसमें एमएसएमई के विकास में बाधा डालने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। भारत का संपन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम (विश्व में तीसरा सबसे बड़ा) मुख्य रूप से एमएसएमई द्वारा संचालित है, जिसने ई-कॉमर्स, फिनटेक, डिजिटेक, आई-वे और अन्य उभरते क्षेत्रों में समाधान पेश किए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक मझोले उद्यमों के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिन्हें तत्काल दूर करने की जरूरत है। ऋण तक पहुंच, कुशल श्रम, उच्च लागत, अपडेटेड तकनीक, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, सरकारी लालफीताशाही, अत्यधिक रेगुलेशन, इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिसिंग मिडिल, नवाचार आदि की दिक्कतें हैं। नीति आयोग को दिक्कतें दूर करने की सिफारिश करनी है। सरकार को इस ओर ध्यान देना होगा।



विश्लेषण
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# ट्रंप टैरिफः भारत के लिए नए अवसर

> एक तरफ जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं, नए परिप्रेक्ष्य में नई संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चीन पर अधिक शुल्क लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई है। यही नहीं हाल ही में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत के घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्री की मांग भी शेष दुनिया में बढ़ने की पूरी संभावना है। समझा जा सकता है कि चाहे अमेरिका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो, अथवा भारत की ऑपरेशन सिंदूर के नाते की गई कार्यवाही हो, सभी देश में उत्पादन और निवेश के नए अवसर के रास्ते खोल रहे हैं।

हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप ने एप्पल के सीईओ को धमकी दी थी कि कंपनी भारत में एप्पल फोन का उत्पादन बंद कर दे और इसके बदले एप्पल की फैक्ट्री अमेरिका में स्थानांतरित कर दे, लेकिन इसके बावजूद एप्पल की सहयोगी कंपनी फॉक्सकॉन ने एप्पल आईफोन के उत्पादन के लिए भारत में 1.5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका में आयातित एप्पल फोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है और कहा है कि अमेरिका के बाहर उत्पादित एप्पल फोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। ऐसा अमेरिका के बाहर एप्पल फोन के उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए किया गया है। ऐसा लगता है कि कंपनी इस संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति की बात मानने को तैयार नहीं है। इसी तरह अमेरिका की टैरिफ घोषणा के बाद यूरोपीय आयोग ने भी रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में भारत के साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की थी; और स्पष्ट रूप से कहा था कि वे रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखते हैं।

गौरतलब है कि 2 अप्रैल, 2025 को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यालय ने विभिन्न देशों से आने वाले सामानों पर उच्च टैरिफ लगाने की घोषणा की, जिसे वे पारस्परिक टैरिफ कहते हैं। चूंकि विभिन्न देश अमेरिका से आने वाले सामानों पर अलग-अलग टैरिफ लगाते हैं, इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप ने भी विभिन्न देशों पर अलग-अलग टैरिफ लगाने का विकल्प चुना है। इस संदर्भ में, राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिसका अर्थ है कि भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामानों पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। यह महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने चीन पर पहले 54 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जबकि वियतनाम पर 46 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44, थाईलैंड पर 36, ताइवान पर 32, दक्षिण अफ्रीका पर 30 और जापान पर 24 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाया गया। इसके अलावा, अमेरिकी प्रशासन ने धमकी दी कि अगर कोई देश भी अमेरिका से आयात पर जवाबी कार्यवाही कर टैरिफ बढ़ाता है तो वे भी टैरिफ और भी बढ़ा देंगे। इस संदर्भ में, चीन की जवाबी कार्रवाई और अमेरिका से आयात पर टैरिफ बढ़ाने के फैसले के बाद, ट्रंप प्रशासन ने चीन से आयात पर उसके बाद 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि, एक हफ्ते से भी कम समय में, 8 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कदम वापस ले लिए और पारस्परिक टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोक दिया, और कहा कि अब 75 देशों पर मात्र 10 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क ही लगेगा, लेकिन चूंकि चीन ने जवाबी कार्रवाई की है, ट्रंप ने उस पर पहले 104 और फिर 145 और उसके बाद में तो 245 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ लगा दिया है। हाल ही में चीन और अमेरिका में कुछ सहमति बनने के बाद अमेरिका ने चीन पर टैरिफ घटाकर 30 प्रतिशत और 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह तर्क देते हैं कि दूसरे देश अमेरिकी सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका विदेशों से आने वाले सामान पर कम



टैरिफ लगाता है। इससे अमेरिका को नुकसान होता है। उनका कहना है कि उन्हें अमेरिका में उद्योगों को पुनः स्थापित कर अमेरिका को पुनः महान बनाना है, लेकिन उनका यह तर्क इसलिए गलत है, क्योंकि भारत समेत दूसरे देश अमेरिकी सामान पर अधिक टैरिफ डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों के अनुरूप लगाते हैं। उदाहरण के लिए भारत अपने देश में आने वाले सामानों पर 50.8 प्रतिशत भारित टैरिफ लगाने का अधिकारी है। हालांकि भारत वास्तव में मात्र 6 प्रतिशत भारित टैरिफ ही लगाता है।

भारत समेत अन्य विकासशील देशों को ज्यादा टैरिफ लगाने की अनुमति इसलिए दी गई थी क्योंकि डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों में भारत समेत अन्य विकासशील देशों को मात्रात्मक नियंत्रण लगाने, अपने लघु उद्योगों के संरक्षण करने, कृषि को अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों से अलग रखने, अपना बौद्धिक संपदा एवं विदेशी निवेश को नियमित करने हेतु कानून बनाने की स्वतंत्रता समेत कई अधिकारों से वंचित होना पड़ा था। इसके बदले में उन्हें अमेरिका और अन्य विकसित देशों की तुलना में ज्यादा टैरिफ लगाने का अधिकार मिला था। ट्रंप द्वारा टैरिफ युद्ध के बाद वह अधिकार भी छिन रहा है। यह भी कहा जा सकता है कि ट्रंप के द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाने से डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों को ही नकारा जा रहा है। अब समय आ गया है कि जब अमेरिका जैसे विकसित देश डब्ल्यूटीओ की अवहेलना कर रहे हैं, तो हमें भी डब्ल्यूटीओ में ट्रिप्स समेत अन्य शोषणकारी समझौतों से बाहर आने की रणनीति के बारे में सोचना चाहिए। ध्यातव्य है कि डब्ल्यूटीओ से पहले, भारत लगभग 10000 वस्तुओं के आयातों पर मात्रात्मक नियंत्रण लगाता था, लेकिन डब्ल्यूटीओ समझौतों के कारण संभव नहीं रहा। डब्ल्यूटीओ के विघटन के बाद अब मात्रात्मक नियंत्रण लगाना संभव हो सकेगा, जिससे हमें अपने उद्योगों को संरक्षित एवं संवर्धित करना संभव हो सकेगा। अमेरिका की हठधर्मिता के चलते, यदि डब्ल्यूटीओ समाप्त होता है तो ऐसी स्थिति में, हम आरक्षण की नीति को फिर से लागू करके अपने छोटे उद्योगों की रक्षा और संवर्धन के लिए कुछ ऐसे उत्पादों को छोटे उद्योगों के लिए आरक्षित कर, विकेंद्रीकरण और रोजगार सृजन के लिए एक बड़ा प्रयास कर सकते हैं। अब जबकि ट्रंप ने दुनियाभर से आयात पर टैरिफ लगा दिया है, तो हमें इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार की रणनीति बनानी होगी। ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन्हें लाभ हो सकता है, क्योंकि हमारे निर्यात को अमेरिका में नए बाजार मिल सकते हैं, जबकि चीन के निर्यात को ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए उच्च पारस्परिक टैरिफ के कारण नुकसान हो सकता है। चूंकि यूरोपीय संघ और अन्य देश वैश्विक मूल्य श्रृंखला में नई साझेदारी के लिए आगे आ रहे हैं, रक्षा जैसे क्षेत्रों में, हमें बहुत लाभ हो सकता है। नए परिदृश्य में, भारत को बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के बजाय द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के साथ विदेशी व्यापार को बढ़ाना चाहिए। हालांकि, अमेरिका और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करते समय, राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

एक तरफ जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं, नए परिप्रेक्ष्य में नई संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चीन पर अधिक शुल्क लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई हैं। यही नहीं हाल ही में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत के घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्री की मांग भी शेष दुनिया में बढ़ने की पूरी संभावना है। समझा जा सकता है कि चाहे अमेरिका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो, अथवा भारत की ऑपरेशन सिंदूर के नाते की गई कार्यवाही हो, सभी देश में उत्पादन और निवेश के नए अवसर के रास्ते खोल रहे हैं। चीन के प्रति शेष दुनिया की विमुखता, भारत के उद्यमियों के प्रयासों और दुनिया की भारत के प्रति बढ़ती रुचि, सभी भारतीय अर्थव्यवस्था में नए स्पंदन का कारण बन रही हैं।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि
अतुल गोयल



# विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक थे पं. नेहरू

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरू' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे, बल्कि आज़ादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है, जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरू का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था, बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। उनका विश्वास था कि गुलामी ने देश की आत्मा को कुचल दिया है और उसे फिर से जगाने के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी बल्कि आवश्यकता होगी सोच की स्वतंत्रता, अवसर की समानता और ज्ञान की पहुंच की। यही कारण था कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जिस भारत की कल्पना की, वह कारखानों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, बांधों और अनुसंधान संस्थानों से भरा हुआ भारत था। पंडित नेहरू की राजनीति केवल सत्ता का अभ्यास नहीं थी, वह एक वैचारिक यात्रा थी। उनका विश्वास था कि विविधता में ही भारत की शक्ति है। वे बार-बार कहते थे, 'भारत की आत्मा अनेकता में एकता है।' यही कारण था कि उन्होंने भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को न केवल संरक्षित



किया बल्कि उसे भारतीय पहचान का अभिन्न हिस्सा बना दिया। बच्चों के प्रति नेहरू का प्रेम भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखता है। वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान हैं, जिनकी देखभाल और शिक्षा आज ही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके दिल में बच्चों के लिए अत्यधिक स्नेह था। वे जब भी किसी विद्यालय या बालसभा में जाते तो बच्चों की आंखों में चमक आ जाती। उनके पास बैठकर बच्चे खुद को सहज महसूस करते थे। वह खुद को 'चाचा' कहलवाना पसंद करते थे क्योंकि उन्हें बच्चों के साथ औपचारिकता से परे आत्मीयता चाहिए थी। उनका यह प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था बल्कि व्यावहारिक योजनाओं और नीतियों के माध्यम से भी परिलक्षित होता था। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जैसी संस्थाएं उन्हीं की कल्पनाओं का परिणाम थी, जिनकी नींव उन्होंने अपने कार्यकाल में रखी। उनकी विदेश नीति ने भी भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में उनका नाम अग्रणी था। उनका दृष्टिकोण था कि भारत अपनी स्वतंत्र नीति के आधार पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों को तय करेगा। उन्होंने शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को भारत की कूटनीति की आधारशिला बनाया। नेहरू की आलोचनाएं भी हुई, चीन नीति, कश्मीर, समाजवाद की धीमी प्रगति जैसे विषयों पर कई लोगों ने उनके निर्णयों को कटघरे में खड़ा किया परंतु आलोचना के बीच उनकी मूल नीयत, उनके इरादे और उनकी दूरदृष्टि पर कभी कोई बड़ा प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सका। भारत आज जब 21वीं सदी में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है तो यह आवश्यक है कि हम उस नींव को न भूलें, जो नेहरू ने रखी थी। आज की तकनीकी, वैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रगति उन्हीं नीतियों की फलश्रुति है, जिन्हें उन्होंने स्वतंत्र भारत की शुरुआत में लागू किया था। उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना नेहरू ने देखा था? क्या हम बच्चों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दे पा रहे हैं? क्या हम विज्ञान और विवेक के मार्ग पर हैं? क्या हम विविधता को अपनाकर एकता को सशक्त कर रहे हैं? इन सवालों के उत्तर खोजते समय पंडित नेहरू की पुस्तकें, उनके भाषण और उनका जीवनदर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने भारत को केवल इतिहास की दृष्टि से नहीं बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण से देखा।

(लेखक न्यूयॉर्क की कंपनी में सॉफ्टवेयर डवलपमेंट इंजीनियर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे योद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती समस्याओं का कारण सादगी का अभाव

आज लोग दूसरों को धोखा देने के नए-नए रास्ते निकाल लेते हैं, मगर इससे जीवन में शांति नहीं आ सकती। शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर महात्मा होकर भी कपड़ा बुनते थे। गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने हाथों से करते थे। साबरमती आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। अमरीका के प्रसिद्ध उद्योगपति हेनरी फोर्ड के जीवन की एक घटना हमें बताती है कि अमरीकावासी घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं। जब तक मानव छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण व स्वावलंबी बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है।

*– प्रकाश उपाध्याय, धमतरी*

## ट्रेंड

### जीरो टोलरेंस नीति पर चर्चा



विदेश मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति पर चर्चा की। इस संबंध में एक मजबूत और एकजुट संदेश भेजने के महत्व को रेखांकित किया।

**-एस. जयशंकर, केंद्रीय मंत्री**

### कस्तूरबा विद्यालय संबल बना



वंचित तबके की वे बालिकाएं, जिनका ड्रॉप आउट रेट सर्वाधिक था, उन्हें कस्तूरबा विद्यालयों ने एक संबल दिया। उत्तर प्रदेश, स्कूली शिक्षा का एक नया मॉडल देने जा रहा है। शिक्षा तो आधारशिला होती है। बेसिक शिक्षा परिषद इनोवेशन का केंद्र बिंदु बना है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

### गरीबी-अमीरी के बीच खाई



भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन गरीबी-अमीरी के बीच की खाई का अंतर इन आंकड़ों से समझें- प्रति व्यक्ति आय के मामले में 124 वें स्थान पर। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट 2% से भी कम। भूख के मामले में 105 वें स्थान पर।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बने



जब मैं बिजनेस स्कूल में था, तो भारत का जीडीपी में जापान से आगे निकल जाना एक दूर की कौड़ी, दुस्साहसिक सपने जैसा लगता था। आज, वह मील का पत्थर अब सैद्धांतिक नहीं रह गया है-हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# पोत का जलावतरण विफल अधिकारी लिए हिरासत में



उत्तर कोरियाई प्राधिकारियों ने हाल में नौसेना के विध्वंसक पोत का जलावतरण असफल रहने के मामले में चार अधिकारियों को हिरासत में लिया है। देश के सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने जलावतरण के दौरान पोत के क्षतिग्रस्त होने की घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि यह आपराधिक लापरवाही के कारण हुआ है। उत्तर कोरिया की नौसेना के लिए अहम माना जा रहा 5,000 टन वजनी विध्वंसक युद्धपोत अपने जलावतरण समारोह के दौरान पिछले सप्ताह बुधवार को क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कार्यक्रम में उत्तर कोरिया के नेता किम भी शामिल हुए थे। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में पोत स्थल पर एक ओर पड़ा हुआ और नीले रंग के कवर से ढका नजर आ रहा था। पोत के कुछ हिस्से पानी में डूबे दिख रहे थे। देश के दूसरे ज्ञात विध्वंसक युद्धपोत के जलावतरण में विफलता किम के लिए शर्मिंदगी की बात है। किम अमेरिकी नेतृत्व वाली सैन्य चुनौतियों से निपटने के लिए नौसैनिक बलों को मजबूत करने पर जोर देते हैं। उत्तर कोरिया ने पिछले महीने अपने पहले विध्वंसक पोत का जलावतरण किया था। यह भी 5,000 टन वजनी पोत है।

## ऑफ बीट

# अधिकतर लोग मरने के बाद 'डिजिटल विरासत' छोड़ते हैं



कल्पना कीजिए कि आप अपने किसी उस प्रियजन की याद में आयोजित कार्यक्रम के लिए संगीत का चयन कर रहे हैं जिसकी मृत्यु हो गई है लेकिन आपको उसका पसंदीदा गीत याद नहीं आ रहा। डिजिटल विरासत को आमतौर पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है : डिजिटल संपत्तियां और डिजिटल उपस्थिति। डिजिटल संपत्तियों में आर्थिक मूल्य वाली सामग्री शामिल हैं। उदाहरण के लिए डोमेन नाम, वित्तीय खाते, मुद्रीकृत सोशल मीडिया, ऑनलाइन व्यवसाय, वर्चुअल मुद्राएं, डिजिटल सामग्री और व्यक्तिगत डिजिटल आईपी। इन तक पहुंच पासवर्ड या गोपनीयता कानूनों के तहत प्रतिबंधित होती है। डिजिटल उपस्थिति में ऐसी सामग्री शामिल होती है जिसका कोई मौद्रिक मूल्य नहीं है लेकिन इसका व्यक्तिगत महत्व बहुत बड़ा हो सकता है। उदाहरण के लिए, हमारी तस्वीर और वीडियो, सोशल मीडिया प्रोफाइल, ईमेल या 'चैट थ्रेड' और 'क्लाउड' या सोशल मीडिया मंच सेवाओं में संग्रहीत अन्य सामग्री। यह डेटा हमारी प्राथमिकताओं, शौक और दैनिक जीवन की प्रणाली को दर्शाता है। यह सब मौत के बाद डिजिटल जीवन पर हमारी पहचान, गोपनीयता और कॉरपोरेट अधिकार के बारे में व्यावहारिक और नैतिक दोनों तरह के सवाल उठाता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

**।। दावा आपत्ति सूचना।।**

क्र. 419/ विकास /2025 रायपुर, दिनांक 23/05/2025

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के रसायन अध्ययनशाला के **High Performance Liquid Chromatography (HPLC), Make Thermofisher Scientific, Model- Ultimate Model - 3000** उपकरण का सांपत्तिक प्रवृत्ति (**Properietry Article**) की श्रेणी के अंतर्गत AMC किया जा रहा है।

सांपत्तिक क्रय की श्रेणी के अंतर्गत AMC के संबंध में किसी निर्माता कंपनी को यदि कोई आपत्ति हो तो दिनांक 23/06/2025 तक मयसुसंगत दस्तावेज विकास विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) में प्रस्तुत करें। दिनांक 23/06/2025 के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.prsu.ac.in** में उपलब्ध है।

S-43963/1 **कुलसचिव**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, देवघर, झारखण्ड, सर्कुलर रोड, नियर उपायुक्त आवास, देवघर, झारखण्ड (814112)

**सूचना/शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा प्रसंग संख्या NH/Deoghar/ JHR/F2/06/ 2025-26 [PR No. 353153 Deoghar(25-26).D दिनांक 22.05.2025 को प्रकाशित] को निम्नलिखित संशोधन किया गया है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Ordinary Repair in Km 170(P), Km 171(P) & Km 172(P) of NH-114A under NH Division Deoghar for the Sharawani Mela 2025-26. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 164-00 |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 02 माह |
| 4 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 29.05.2025 (04.00 बजे अपराह्न ) |
| 5 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 05.06.2025 (04.30 बजे अपराह्न ) |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06.06.2025 (05.00 बजे अपराह्न) |

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
रा0 उ0 पथ प्रमंडल, देवघर

PR 353523 Deoghar(25-26)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, देवघर, झारखण्ड सर्कुलर रोड, नियर उपायुक्त आवास, देवघर, झारखण्ड (814112)

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा प्रसंग संख्या NH/Deoghar/ JHR/F2/07/2025-26 [PR No. 353154 (Deoghar)25-26(D) दिनांक 22.05.2025 को प्रकाशित, को निम्नलिखित संशोधन किया गया है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Ordinary Repair in Km 173(P), Km 174(P) & Km 176(P) of NH-114A under NH Division Deoghar for the Sharawani Mela 2025-26. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 170.00 |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 02 माह |
| 4 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 29.05.2025 (04.00 बजे अपराह्न ) |
| 5 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 05.06.2025 (04.30 बजे अपराह्न ) |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06.06.2025 (05.00 बजे अपराह्न) |

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
रा0 उ0 पथ प्रमंडल, देवघर

PR 353520 Deoghar (25-26)_D

## कार्यालय कार्यपालनअभियंता,
### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर जिला-बस्तर
दूरभाष नम्बर-07782-222865
ई-मेलआईडी-eeresjagdalpur@gmail.com

**मैनुअल निविदा सूचना**

**क्रमांक /1488/व.ले.लि./ ग्रायांसेवा/2025-26 जगदलपुर, दिनांक 23/05/2025**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला बस्तर के विकास खण्डो के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्यों के संपादन हेत द्वितीय बार जोनल निविदा 04.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | विकासखण्ड / कार्य स्थल | कार्य का विवरण प्रत्येक जोन के तहत | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | विकास खण्ड तोकापाल, दरभा, एवं बकावण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्य | रू. 25.00 लाख एवं इससे कम लागत के भवन / मंच /पुलिया / बाउंड्रीवाल / नाली / सड़क एवं अन्य समस्त प्रकार के निर्माण कार्य | 40.00 लाख प्रत्येक हेतु | 04/06/25 (अपरान्ह 5:30 बजे तक) |

2 उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सम्बधी शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेब साइट http://res.cg.gov.in से भी दिनांक 30.05.2025. के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

जे.के. गौर
कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर

G-252601121/1

## कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
### छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञानसंस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.
FAX (O)-07752-224200, PHONE (O)- 07752-230030

क्रमांक/4017/औ.सं./सं.सं.अधि./ सिम्स चिकि./2025 बिलासपुर, दिनांक 15/05/25

**कन्ज्यूमेंबल / सर्जिकल सामाग्री आपूर्ति हेतु ई- निविदा 2025-26 (द्वितीय निविदा)**

| | |
|---|---|
| सिस्टम टेंडर नं - 166511 निविदा कार्य का नाम | सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर (छ.ग.) में उपचारार्थ मरीजों, आयुष्मान लाभान्वित मरीजों के लिए कन्ज्यूमेंबल / सर्जिकल सामाग्री की आपातकालीन स्थिति में तत्काल पूर्ति किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रूपये 2000.00 का Demand Draft (दो हजार रू० मात्र /-) वापली योग्य नहीं, जो की संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक (Joint Director and Superintendent, CIMS Hospital Bilaspur C.G.) सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर (छ.ग.) के पक्ष में देय हो। |
| निविदा प्रारंभ तिथी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से | दिनाँक 09/04/2025 समय 10:00 AM से प्रारंभ |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की तिथी | दिनाँक 08/06/2025 समय 11.59 PM तक |
| निविदा संबंधित दस्तावेजों की हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनाँक 09/06/2025 समय 03.00 P.M. से पूर्व (सील बंद रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट/पी.एंड.टी विभाग से अधिकृत कोरियर के माध्यम से निविदा जमा किया जाना है) संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09/06/2025 . संध्या 4.00 P.M. |
| निविदा अमानत राशि | रूपये 1,50,000.00 (रूपए एक लाख पचास हजार /-) का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक। जो की संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक (Joint Director and Superintendent, CIMS Hospital, Bilaspur), सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर के पक्ष में देय हो। |
| निविदा खोलने के हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर में कार्यालयीन दिवस एवं अवधि में। |

उपरोक्तानुसार इच्छुक निविदाकारों से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर (छ.ग.)

G-252601134/2

# पाक पीएम बोले- भारत के साथ बातचीत के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| तेहरान

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को कश्मीर और जल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर बातचीत की इच्छा जताई। शरीफ ईरान दौरे पर हैं। यहां ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के साथ तेहरान में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। शरीफ ने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान के समर्थन के लिए पजशकियान का आभार जताया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। पाकिस्तानी पीएम 25 मई से 30 मई तक तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।

# गाजा में इजराइली हमलों में 52 लोगों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइली हमलों में कम से कम 52 लोगों की मौत हो गयी। मारे गये लोगों में एक स्कूल में शरण लेने वाले 36 लोग भी शामिल हैं, जो हमले के वक्त सो रहे थे और हमले से उनके सामान में आग लग गई। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि उन्होंने स्कूल से साजिश रच रहे चरमपंथियों को निशाना बनाया। इजराइल ने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त करने के बाद मार्च से सिलसिलेवार हमले शुरू किये हैं। इजराइल ने गाजा पर कब्जा करने और हमास को नष्ट करने या फिर चरमपंथियों के हथियार डालने तक लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय, 107, राम नगर रोड, कोटा, रायपुर छत्तीसगढ़ - 492010
REGIONAL OFFICE, 107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (CHHATTISGARH)-492010,
Phone : 0771-2254589,
Email: rd-cgarh@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

**एलोपैथिक डॉक्टर, केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए ESI योजना से जुड़ने का सुनहरा अवसर**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र के निम्न जिलों में Modified Insurance Medical Practitioner (mIMP) योजना के तहत Doctor (Allopathic), Chemist एवं Diagnostic Centre Empanel करने हेतु Online आवेदन कर सकते हैं जिनके माध्यम से दर्शाये गए जिलों में बीमित व्यक्तियों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाना है। नियमानुसार Empanelment हेतु ऑनलाइन आवेदन www.esic.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित है:-

| mIMP योजना के तहत आवश्यकता | जिला का नाम | आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज |
|---|---|---|
| mIMP | Balod, Sukma, Balrampur, Narayanpur, Surajpur, Bijapur, Dantewada, Manedragarh-Chirmiri | • अस्पताल/क्लिनिक के पंजीयन सम्बंधित दस्तावेज • डॉक्टर की डिग्री (Minimum MBBS)/ मार्कशीट/रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट • डॉक्टर के आधार/PAN |
| eChemist | Bastar, Jashpur, Kanker, Koriya, Mahasamund, Mungeli, Bemetara, Balrampur, Narayanpur, Surajpur, Dantewada, Manedragarh-Chirmiri, Bijapur | • संस्थान का पंजीयन सर्टिफिकेट • फॉर्म 20-21 • ड्रग लाइसेंस • आवेदक संस्थान में नियुक्त फार्मासिस्ट की डिग्री/ रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं नियुक्ति पत्र |
| eDiagnos-tic | Balod, Jashpur, Kanker, Koriya, Sukma, Mungeli, Bemetara, Balrampur, Kabirdham, Narayanpur, Surajpur, Bijapur, Dantewada, Kondagaon, Manedragarh-Chirmiri | • संस्थान का पंजीयन सर्टिफिकेट • उपलब्ध जांचों की सूचि एवं दर • विभिन्न प्राप्त लाइसेंस/सर्टिफिकेट • आधार/PAN/GST • Pathalogist की डिग्री सर्टिफिकेट एवं नियुक्ति सम्बंधित दस्तावेज • Radiology/ Sonography से सम्बंधित समस्त दस्तावेज(Radiologist की डिग्री एवं registration) |

इच्छुक आवेदक **www.esic.gov.in-->Health Services--->Apply under mIMP Scheme** के ऑनलाइन लिंक पर दिनांक **27/05/2025 से 02/06/2025** तक आवेदन कर सकते है। विशेष जानकारी हेतु दूरभाष संख्या-0771-2253689 में क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी. निगम, रायपुर (छ.ग) पर संपर्क किया जा सकता है।

**आवेदन के अंतिम तिथि के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।**

क्षेत्रीय निदेशक

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग कवर्धा

**निविदा प्रारूप**

**टेन्ट / शमियाना व खान पान सत्कार व्यवस्था कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

**नि. आमंत्रण विज्ञप्ति क्रमांक 04/2592 टेन्ट / 2025-26/ कवर्धा दिनांक 23/05/25**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग कवर्धा संभाग के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के दौरान समय-समय पर आवश्यक टेन्ट / शमियाना कार्य के लिये पंजीकृत (शॉप एक्ट में पंजीकृत एवं जी. एस. टी. नम्बर धारक) संस्थानों से निविदा प्रपत्र - ई में निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 05.06.2025 सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 12.06.2025 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि : 13.06.2025 11.30 बजे तक

| | |
|---|---|
| अमानत राशि | रू.2,00,000/- (अनुसूचित बैंक का एफ. डी. आर.) |
| स्वीकृत दर | निविदा दिनांक से तीन वर्ष तक के लिए मान्य होगा। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रू.750/- |
| दर अनुसूची | अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग मंडल दुर्ग ज्ञाप क्र. 1916 / सा/ 2022 दुर्ग दिनांक 13.03.2023 द्वारा स्वीकृत दर टेन्ट, शमियाना हेतु (निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न) |

**टीप :-** शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय से प्राप्त करें।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा

G-252601129/3

# बिल्कुल उन्मादी हो गए हैं रूसी राष्ट्रपति पुतिन

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

रूस द्वारा लगातार तीसरी रात कीव और अन्य यूक्रेनी शहरों पर ड्रोन एवं मिसाइल हमले किए जाने के मद्देनजर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि वह 'पूरी तरह उन्मादी हो गए' हैं। ट्रंप ने रविवार रात सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में लिखा, 'रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मेरे हमेशा से बहुत अच्छे संबंध रहे हैं लेकिन उन्हें कुछ हो गया है। वह बिल्कुल उन्मादी हो गए हैं।' उन्होंने कहा कि पुतिन 'बहुत से लोगों की अनावश्यक रूप से जान ले रहे हैं।'

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार जयप्रकाश वर्मा पिता श्री खेमसिंह वर्मा, निवासी 142 लीला चौक के पास, आजाद चौक ग्राम तर्रा तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अधिकृत होकर आम सूचना प्रकाशित करता हू कि मेरे पक्षकार के द्वारा कोमल बंजारे पिता संतरू बंजारे, तुलसीराम बंजारे पिता संतरू बंजारे, बंशीलाल बंजारे पिता संतरू बंजारे, सभी काश्तकार ग्राम तुरमा, तहसील भाटापारा, के नाम पर ग्राम तुरमा, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं खोखली, तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 56/11, 68/11, 70/1, 70/2, 70/3, 70/4, 70/5, 70/6, 70/7, 70/8, रकबा क्रमशः 0.405, 0.146, 0.190, 0.190, 0.186, 0.186, 0.187, 0.186, 0.186, 0.186 हे., कुल खसरा नंबर 10, कुल रकबा 2.048 हे भूमि को दिनांक 19.12.2024 को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि भुगतान कर दिया गया हैं, किंतु उक्त भूमि की रजिस्ट्री बैनामा निष्पादन की कार्यवाही अभी पूर्ण नही कराया गया हैं।

अतएव इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति क्रय विक्रय ना करे, यदि कोई व्यक्ति पुनः क्रय विक्रय करता है तो ऐसा संविदा शुन्य होगा और मेरे पक्षकार पर पाबंदकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

**सुरेश यदु ,अधिवक्ता/ (नोटरी)**
**Office-Jat Stambh Chowk, Subhash Bazar Bhatapara**
**मो.नं.- 8120916837**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10
## आम सूचना

**जारी दिनांक 26/05/2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कोनापाला स्वपन पति कोनपाला वेंकटरमन निवासी अमरापाली सोसायटी लालपुर रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 86/24 रकबा 0.0160 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 09/05/2025 के परिपालन में दिनांक 03/06/2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

(राजस्व निरीक्षक)
रायपुर-10

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
### लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

दिनांक 23.05.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 12.06.2025 तक है।

| एन.आई.टी क्र / निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| NIT NO. 70 Tender No. 168998 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में वाटर प्रुफिंग कार्य। | रू.13.00 लाख |
| NIT NO. 71 Tender No. 168999 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल भवन सेम्हराडीह, विकासखंड बलौदाबाजार भवन का निर्माण कार्य। | रू.67.47 लाख |
| NIT NO.72 Tender No. 169000 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 08 मार्ग (एस.एच. व्ही. आर., एम.डी. आर.) लंबाई 109.95 कि.मी. में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 79.99 लाख |
| NIT NO. 73 Tender No. 169001 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रुफिंग कार्य। | रू.11.00 लाख |
| NIT NO. 74Tender No. 169002 | लोक निर्माण विभाग धमतरी के संभागीय कार्यालय में प्रथम तल में 02 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | रू.13.09 लाख |
| NIT NO. 75 Tender No. 169003 | धमतरी संभाग के अंतर्गत धमतरी, कुरुद एवं नगरी उपसंभाग के आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। | रू.25.00 लाख |
| NIT NO. 76 Tender No. 169004 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। | रू. 40.00 लाख |
| NIT NO. 77 Tender No. 169005 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्ग एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। | रू.35.00 लाख |
| NIT NO. 78 Tender No. 169006 | जिला धमतरी के राजनांदगांव गुंडरदेही धमतरी नगरी सिहावा बोराई मार्ग ( राज्य मार्ग क्र. 23 ) के कि.मी. 98 / 10 डायवर्सन रोड निर्माण कार्य रपटा एवं पुलिया सहित। | रू. 19.83 लाख |
| NIT NO. 79 Tender No. 169008 | जिला जेल गरियाबंद जेल के कम्पाउंड वॉल की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य। | रू. 74.75 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब अथवा पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर - 3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें। )

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि. वि. रायपुर
मण्डल - क्र. 2 (छ.ग.)

G-252601144/2

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
### लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 109/168215 | SPECIAL REPAIR WORK OF B.T. & C. C. VARIOUS ROAD AT KHARORA & STEDIUM SECTION PARSADA, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू.50.00 लाख |
| 105/168216 | W.M.M. & B.T Patch Repair work on Various Roads Under Sub Dn. No. 3 Raipur (प्रथम आमंत्रण) | रू.50.00 लाख |
| 106/168217 | B.T. PATCH REPAIR WORK ON VARIOUS ROADS UNDER ABHANPUR SUB DIVISION FOR THE YEAR 2025-26. (प्रथम आमंत्रण) | रू.50.00 लाख |
| 108/168219 | WMM & B.T. PATCH REPAIR & WMM WORK ON VARIOUS ROAD AT ARANG - 2 & KHARORA SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR(C.G. ) ( प्रथम आमंत्रण) | रु.85.00 लाख |
| 110/168220 | S.R/M.O.W & DEPOSIT WORK IN RESIDENTIAL & NON RESIDENTAIL GOVT. BUILDING AT KABIR NAGAR SECTION, RAIPUR (CG) (प्रथम आमंत्रण) | रू.25.00 लाख |
| 23/168647 | ORDINARY MAINTAINANCE WORK FOR RES. & NON RES.BUILDING, AT MEKAHARA CAMPUS, UNDER P.W.D. CONSTRUCTION SUB. DIVISION-2 RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू.50.00 लाख |
| 48/168832 | 0.15 MLD SEWAGE TREATMENT PLANT AT SHAHEED VIR NARAYAN SINGH INTERNATIONAL CRICKET STADIUM NAWA RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 120.38 लाख |

एन.आई.टी. क्र.109 सिस्टम टेन्डर नं. 168216, एन.आई.टी. क्र. 105 सिस्टम टेन्डर नं. 168216, एन.आई.टी. क्र.106 सिस्टम टेन्डर नं. 168217, एन.आई.टी. क्र.108 सिस्टम टेन्डर नं. 168219 एवं एन.आई.टी. क्र.110 सिस्टम टेन्डर नं. 168220 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र.23 सिस्टम टेन्डर नं. 168647 एवं एन.आई.टी. क्र.48 सिस्टम टेन्डर नं. 1168832 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-252601131/2

## कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ जिला - रायगढ़ (छ.ग.)
E-mail :commissioner-rgh.cg@cg.gov.in, corporationraigarh@gmail.com Phone No:- 07762-222911

क्रमांक 817 / वि.वि./ न.पा.नि./ 2025 रायगढ़, दिनांक 22/05/25

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ विद्युत विभाग में वित्तीय वर्ष 2025-26 तथा आगामी निविदा होने तक, निगम क्षेत्रांतर्गत लगभग 14900 विद्युत पोल में स्थापित विभिन्न क्षमता के एलईडी लाईट एवं 145 सीसीएमएस (टाईमर ) का मरम्मत कार्य, जिसकी अनु. लागत राशि 07 .20 लाख रु., अमानत राशि 5400.00 रू. निविदा प्रपत्र शुल्क 750.00 रू. है। कम्पनी/फर्म/एजेंसी / एनजीओ/ ठेकेदार से निविदा प्रपत्र "एफ" में अपना अनुमानित दर प्रस्तुत करें। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम रायगढ़ की वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 13-06-25 अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से मुहर बंद निविदाएं त्रि- लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह को सायं 04:30 बजें उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। नोट:-*नियम एवं शर्ते संलग्न कर वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com /uad.cg.gov.in एवं https://eproc.cgstate.govt.in पर अपलोड है। * कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्ते कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

**/ / निविदा आमंत्रण सूचना //**

आदेश क्रमांक 2325 / वलेस / 2024
कवर्धा, दिनांक 23/05/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक-164367 प्रथम निविदा सूचना क्रमांक 24/वलेस/2024-25/कवर्धा, दिनांक 05/03/2025 कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया की अपर आगर व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर आर. डी. 0 मी. से 4500 मी. तक रिमाडलिंग एवं सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य, 02 नग डी.सी., 01 नग व्ही.आर. बी., का निर्माण कार्य 01 नगर व्ही. आर. बी. का पुर्ननिर्माण, एक्वाडक्ट, का डिसमेंटलिंग, गाद निकासी, गाईड वाल निर्माण, स्लूस मरम्मत कार्य एवं कोलाबा पाईप फिक्सिंग कार्य हेतु प्रथम आमंत्रित निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या एकल एवं प्रतिस्पर्धा का अभाव लक्ष होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

जी.नं. - 242505792/1

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा,
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

G-252601133/4

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)
### पता- नया बस स्टैण्ड के पीछे, दुर्ग
फोन & फैक्स नम्बर- 0788-2322148 Email ID- durgmc2019@gmail.com

**-:: बारहवाँ निविदा ::-**

क्रमांक / 109/रा.वि.बा./ 2025 दुर्ग,दिनांक 23.05.2025

नगर पालिक निगम, दुर्ग के क्षेत्रांतर्गत गंजमण्डी व्यवसायिक परिसर में भूतल एवं प्रथम तल में नवनिर्मित दुकानों का आबंटन राइट ऑफ आक्यूपेशन हक पर देने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से बंद लिफाफे में दिनांक 16.06.2025 को कार्यालयीन अवधि तक ऑफर ऑफलाईन आमंत्रित किया जाता है। निविदा दिनांक 12.06.2025 को 4:00 बजे उपस्थित निविदाकर्ता के समक्ष निगम कार्यालय में खोली- जावेगी। निविदा स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से प्राप्त किया जावेगा। निविदा सीधे कार्यालय में नही लिया जावेगा।

**भूतल**

| क्र. | स्थान | दुकान का आरक्षण | दुकान क्र. | निर्मित कार्पेट एरिया (व.मी.में) | आफसेट मूल्य | अमानत राशि | मासिक किराया रू.(2%) | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गंजमंडी व्यवसायिक परिसर दुर्ग | अनुसूचित जाति | 1 (भूतल) | 8.91 | 10,37,500 | 1,03,750 | 1,729 | 300.00 |
| | | अन्य पिछडा | 3 (भूतल) | 24.25 | 28,23,600 | 2,82,360 | 4,706 | |
| | | विधवा/परित्यगता म. | 5 (भूतल) | 16.12 | 18,77,000 | 1,87,700 | 3,128 | |
| | | अनुसूचित जन जाति | 11 (भूतल) | 11.17 | 13,01,000 | 1,30,100 | 2,168 | |
| | | अन्य पिछडा | 12 (भूतल) | 11.4 | 13,28,000 | 1,32,800 | 2,213 | |
| | | तृतीय लिंग | 13 (भूतल) | 24.31 | 28,31,000 | 2,83,100 | 4,713 | |
| | | अनुसूचित जन जाति | 14 (भूतल) | 16.52 | 12,00,000 | 1,20,000 | 2,000 | |
| | | भूतपूर्व सैनिक | 17 (भूतल) | 17.4 | 12,63,000 | 1,26,300 | 2,105 | |
| | | विकलांग/दिव्यांग | 18 (भूतल) | 18.91 | 13,73,000 | 1,37,300 | 2,288 | |
| | | अन्य पिछडा | 19 (भूतल) | 15.4 | 11,18,000 | 1,11,800 | 1,863 | |
| | | अनारक्षित | 20 (भूतल) | 11.83 | 8,59,000 | 85,900 | 1,432 | |
| | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | 28 (भूतल) | 11.89 | 13,85,000 | 1,38,500 | 2,308 | |
| | | अनारक्षित | 29 (भूतल) | 12.96 | 15,09,000 | 1,50,900 | 2,515 | |
| | | अनुसूचित जाति | 30 (भूतल) | 15.58 | 18,14,000 | 1,81,400 | 3,023 | |
| | | अन्य पिछडा | 31 (भूतल) | 15.8 | 18,40,000 | 1,84,000 | 3,067 | |
| | | महिलाओ के लिए | 33 (भूतल) | 16.58 | 12,04,000 | 1,20,400 | 2,007 | |
| | | अनारक्षित | 34 (भूतल) | 18.07 | 13,12,000 | 1,31,200 | 2,187 | |
| | | शिक्षित बेरोजगार | 35 (भूतल) | 20.00 | 14,52,000 | 1,45,200 | 2,420 | |
| | | अनारक्षित | 36 (भूतल) | 17.72 | 12,87,000 | 1,28,700 | 2,145 | |

**प्रथम तल**

| क्र. | स्थान | दुकान का आरक्षण | दुकान क्र. | निर्मित कार्पेट एरिया (व.मी.में) | आफसेट मूल्य | अमानत राशि | मासिक किराया रू.(2%) | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | गंजमंडी व्यवसायिक परिसर दुर्ग | विकलांग/दिव्यांग | 3 (प्रथम तल) | 11.12 | 10,16,000 | 1,01,600 | 1,693 | 300.00 |
| | | महिलाओं के लिए | 4 (प्रथम तल) | 11.36 | 10,38,000 | 1,03,800 | 1,730 | |
| | | अनारक्षित | 5 (प्रथम तल) | 11.36 | 10,38,000 | 1,03,800 | 1,730 | |
| | | अनारक्षित | 6 (प्रथम तल) | 11.9 | 10,88,000 | 1,08,800 | 1,813 | |
| | | अनारक्षित | 7 (प्रथम तल) | 11.9 | 10,88,000 | 1,08,800 | 1,813 | |
| | | अनारक्षित | 8 (प्रथम तल) | 11.17 | 10,21,000 | 1,02,100 | 1,702 | |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5889

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 5888 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## खबर संक्षेप

### पीसी ज्वेलर्स आई मुनाफे में कमाया 94.78 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर्स अधिक बिक्री के दम पर मुनाफे में आ गई है और उसने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में 94.78 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है।कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 121.64 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

### हिंडाल्को की 8000 करोड़ तक पूंजीगत व्यय की योजना




**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की घातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने चालू वित्त वर्ष में 8,000 करोड़ रुपये तक के पूंजीगत व्यय लक्ष्य रखा है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद कहा-इस साल पूंजीगत व्यय 'लगभग 7,500 करोड़ रुपये से 8,000 करोड़ रुपये तक होगा।'

### आईआईएफएल फाइनेंस कश्मीर में शाखाएं खोलेगी

IIFL FINANCE

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में शाखाएं खोलने और अपनी ऋण सेवाओं का विस्तार करने के लिए आवश्यक नियामकीय मंजूरी मिल गई है। कम बैंकिंग सेवाओं वाले क्षेत्रों में आवश्यक वित्तीय सेवाएं प्रदान करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

# एसबीआई आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला ढांचा तैयार करने में जुटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि बैंक अनुशासित लागत प्रबंधन, कम लागत वाली जमाराशियों और शुल्क आधारित आय के विस्तार के आधार पर स्थायी रिटर्न के लिए एक ऐसा ढांचा विकसित कर रहा है जिसे आसानी से बढ़ाया जा सके।

- बैंक स्थायी रिटर्न के लिए एक ढांचा विकसित कर रहा

शेट्टी ने बैंक के शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा, ''चालू खाते और बचत खाते (कासा) में मजबूत वृद्धि, डिजिटल क्रॉस-सेलिंग क्षमताओं और मार्जिन के लिहाज से संवेदनशील परिसंपत्ति आवंटन के साथ हम स्थायी रिटर्न के लिए एक आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला मॉडल तैयार कर रहे हैं।

## बैंक के चेयरमैन शेट्टी ने शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा

### सबसे आगे की और देखने वाला बैंक बनेगा

चेयरमैन ने वित्त वर्ष 2024-25 की सालाना रिपोर्ट में कहा, ''एक साथ ये रणनीतिक कदम हमें न केवल भारत के सबसे बड़े बैंक के रूप में, बल्कि ग्राहकों और निवेशकों दोनों के लिए दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए विश्वास, पैमाने और नवाचार को संतुलित करते हुए सबसे आगे की ओर देखने वाले बैंक के रूप में स्थापित करते हैं।''




### बाजार नेतृत्व कायम रखने पर जोर

शेट्टी ने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में एसबीआई का रणनीतिक ध्यान परिचालन दक्षता में सुधार, ग्राहक अनुभव को बढ़ाने, बाजार नेतृत्व कायम रखने, मानव संसाधन क्षमताओं को मजबूत करने, जोखिम-समायोजित वृद्धि का समर्थन करने और लाभप्रदता में सुधार करने पर है।

### परिचालन दक्षता में सुधार पर ध्यान

चेयरमैन ने कहा कि परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए एसबीआई स्वचालन और डेटा-संचालित निर्णय लेने का उपयोग करके प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर रहा है। उन्होंने कहा कि एसबीआई का लक्ष्य खासकर ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में उभरते खंडों के लिए एक सहज और समावेशी अनुभव प्रदान करना है।

### 70,901 रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज

एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70,901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है जो वित्त वर्ष 2023-24 के 61,077 करोड़ रुपये से 16 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बैंक सतत और जोखिम-समायोजित वृद्धि हासिल करने के लिए ऋण क्षमता मूल्यांकन, पोर्टफोलियो निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी का पता लगाने के लिए उन्नत विश्लेषण तरीकों का फायदा उठा रहा है।

### ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने जारी की रिपोर्ट

# सेवाओं, रक्षा, रॉयल्टी से राजस्व जोड़ने पर अमेरिका को 40 अरब डॉलर का अधिशेष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ वस्तु व्यापार में 44.4 अरब डॉलर का घाटा होने के बावजूद अमेरिका शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय गतिविधियों, रॉयल्टी और हथियारों के व्यापार से हासिल राजस्व को जोड़ने पर 35-40 अरब डॉलर के अधिशेष की स्थिति में है।

जीटीआरआई ने एक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका के पक्ष में कुल व्यापार अधिशेष होने की स्थिति भारत को व्यापार समझौते पर जारी बातचीत में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, घाटा बढ़ने के दावों का कड़ा विरोध करने और निष्पक्ष एवं संतुलित शर्तों की मांग करने की हर वजह देती है।

### भारत को बाजार खोलने के लिए व्यापार अंतर का जिक्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर इस व्यापार अंतर का जिक्र किया है, जिसमें भारत पर व्यापार से अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका घाटे के आंकड़ों का इस्तेमाल भारत को शुल्क कम करने और अपना बाजार खोलने को मजबूर करने के लिए भी कर रहा है।

## भारत को वस्तु व्यापार में 44.4 अरब डॉलर का घाटा

### अमेरिका के बीच व्यापार 186 अरब डॉलर रहा

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के लिए उन क्षेत्रों में व्यापक रियायतें देने का कोई कारण नहीं है जिनका व्यापार संतुलन से कोई लेना-देना नहीं है, खासकर जब ये रियायतें भारतीय बाजार से अमेरिका की पहले से ही प्रमुख आय को और बढ़ाएंगी। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 186 अरब डॉलर रहा।




- ट्रंप ने कई मौकों पर इस व्यापार अंतर का जिक्र किया है
- भारत पर व्यापार से अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया गया

### अमेरिका- भारत के साथ बिल्कुल घाटे में नहीं

श्रीवास्तव ने कहा, ''ये भारी कमाई संकीर्ण वस्तु व्यापार के आंकड़ों में नहीं दिखती है। जब आप उन्हें कारक मानते हैं, तो अमेरिका भारत के साथ बिल्कुल भी घाटे की स्थिति में नहीं है। असल में यह 35-40 अरब डॉलर अधिशेष की स्थिति में है।''

### अमेरिका भारत से हर साल 85 अरब डॉलर कमाता है

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''भारत के साथ व्यापार में घाटे की अमेरिकी कहानी भ्रामक और अधूरी है। असलियत यह है कि अमेरिका शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय संचालन, बौद्धिक संपदा रॉयल्टी और हथियारों की बिक्री के माध्यम से भारत से हर साल चुपचाप 80-85 अरब डॉलर कमाता है।''

### अमेरिका- भारत से उच्च शिक्षा के जरिए कमाता है

जीटीआरआई के मुताबिक, अमेरिका के लिए भारत से कमाई का सबसे बड़ा जरिया उच्च शिक्षा क्षेत्र है। अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्र हर साल 25 अरब डॉलर से अधिक खर्च करते हैं, जिसमें से लगभग 15 अरब डॉलर पढ़ाई और 10 अरब डॉलर रहने-खाने पर खर्च होते हैं।

### भारत को अमेरिकी रक्षा उत्पातों के बिक्री से अरबों डॉलर मिलते हैं

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को अमेरिकी रक्षा उत्पादों की बिक्री से भी अरबों डॉलर मिलते हैं। हालांकि, रक्षा बिक्री के सटीक आंकड़े गोपनीयता के कारण अक्सर सामने नहीं आ पाते हैं। इसके अलावा गूगल, मेटा, अमेजन, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियां भी भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल बाजार में बिक्री के जरिये सालाना 15-20 अरब डॉलर की कमाई करती हैं।

# शेयर बाजार में रही तेजी, सेंसेक्स 455 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- अमेरिका के सीमा शुल्क टलने से बाजार में रही तेजी
- निफ्टी में भी 148 अंक की रही बढ़त

भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और यूरोपीय संघ पर लगाए गए अमेरिका के 50 प्रतिशत सीमा शुल्क को नौ जुलाई तक टालने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और सेंसेक्स 455 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 148 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक चढ़कर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 771.16 अंक चढ़कर 82,492.24 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 148 अंक चढ़कर 25,001.15 अंक पर बंद हुआ। 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा ने भी बाजारों में सकारात्मक धारणा को बल दिया।

*महिंद्रा में रही बढ़त : सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में सर्वाधिक 2.17 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो और टेक महिंद्रा भी बढ़त में रहीं।*

*अल्ट्राटेक सीमेंट में आई गिरावट : दूसरी तरफ, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में गिरावट आई। इटर्नल में सर्वाधिक 4.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।*

# बायजू का लर्निंग ऐप गूगल के प्लेस्टोर से हटाया गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के पढ़ाने-सिखाने वाले ऐप को बकाया भुगतान न करने की वजह से गूगल प्लेस्टोर से हटा दिया गया है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बायजू की आपूर्तिकर्ता अमेजन वेब सर्विसेज को बकाया राशि का भुगतान नहीं कर पाने की वजह से उसके लर्निंग ऐप को प्लेस्टोर से हटा दिया गया है। हालांकि, बायजू ब्रांड के तहत संचालन करने वाली कंपनी 'थिंक एंड लर्न' के कुछ अन्य ऐप अब भी गूगल प्लेस्टोर पर काम करना जारी रखे हुए हैं।




- कंपनी के थिंक एंड लर्न के कुछ ऐप अब भी गूगल प्लेस्टोर काम कर रहे

### लर्निंग ऐप में चौथी से 12 वीं तक के विषय

थिंक एंड लर्न के दिवाला समाधान पेशेवर शैलेंद्र अजमेरा को इस संबंध में भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। बायजू के लर्निंग ऐप में चौथी से 12वीं कक्षा के लिए गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान और छठी से आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक अध्ययन का विषय भी शामिल हैं।

*बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू : इसके अलावा बायजू का प्रीमियम लर्निंग ऐप और एग्जाम प्रेप ऐप भी गूगल प्लेस्टोर पर उपलब्ध है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने बायजू की ऋणदाता एवं विभिन्न निवेशकों की अपील पर बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू कर दी है।*

### अमेजन वेब का नहीं किया भुगतान

एक सूत्र ने कहा, ''ऐप को सहायता देने वाली अमेजन वेब सर्विसेज को भुगतान न करने के कारण बायजू लर्निंग ऐप को प्लेस्टोर से हटा दिया गया है। बायजू का कामकाज अब एक दिवाला समाधान पेशेवर की देखरेख में संचालित हो रहा है, जिसे भुगतान संबंधी सभी मुद्दों का भी प्रबंधन करना है।''

### ऐप को दूसरी कंपनियां दे रही सहायता

यह ऐप जेईई, एनईईटी और आईएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायता प्रदान करता है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा, ''हालांकि, कंपनी के जिन ऐप को दूसरी कंपनियां सहायता दे रही हैं, वे अब भी काम कर रहे हैं। लर्निंग ऐप एप्पल के ऐप स्टोर पर उपलब्ध है।

# सोना 550 रुपए चढ़ा, चांदी में 1,170 रुपए की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले सप्ताह बुधवार से सोने की कीमतों में 2,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। सोमवार को 99.5 प्रतिशत



शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। साथ ही, चांदी की कीमत 1,170 रुपये बढ़कर 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# आरबीआई को डॉलर की बिक्री व ब्याज की आय से हुई कमाई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी डॉलर की बिक्री और प्रतिभूतियों से हुई ब्याज आय की वजह से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने केंद्र सरकार को रिकॉर्ड 2.7 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक लाभांश देने की घोषणा की है। विश्लेषकों ने सोमवार को यह बात कही। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़




रुपये का लाभांश देने की घोषणा की। इससे सरकार को अमेरिकी शुल्क और पाकिस्तान के साथ संघर्ष के कारण रक्षा पर खर्च में वृद्धि से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 616वीं बैठक में लाभांश भुगतान पर निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता गवर्नर संजय मल्होत्रा ने की। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि कोविड महामारी के बाद के वर्षों से आरबीआई सरकार को अधिक से अधिक अधिशेष हस्तांतरण कर रहा है। मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई ने 2024-25 के लिए आकस्मिक जोखिम बफर को सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया है।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, कैनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## बिजनेस साइट

# इंसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड ने लांच किया खरपतवार नाशक दवा 'अलटेयर'



**रायपुर।** भारत में फसल सुरक्षा के क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड ने जापान की निसान केमिकल कॉर्पोरेशन के सहयोग से एक नई खरपतवार नाशक दवा 'अलटेयर' लांच की है। यह दवा विशेष रूप से धान की फसल के लिए बनाई गई है और प्री-इमर्जेंट यानी बीज अंकुरण से पहले उगने वाली घासों पर असर कारक है। यह दवा मिट्टी में एक सुरक्षात्मक परत बनाकर 40 से 50 दिनों तक खरपतवार को उगने से रोकती है। इसका इस्तेमाल धान की रोपाई के 0 से 3 दिन के भीतर करने की सलाह दी गई है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि अलटेयर भारतीय किसानों को विश्व स्तरीय तकनीक देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह दवा न सिर्फ प्रभावी है, बल्कि किसानों की मेहनत और लागत को भी कम करती है।






# युवेंटस की चैंपियंस लीग में एंट्री

एजेंसी ▶▶| रोम

मैनुअल लोकाटेली के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से युवेंटस ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई किया।

मौजूदा सत्र में युवेंटस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और इस साल मार्च में जब इगोर ट्यूडर को टीम की जिम्मेदारी (कोच) दी गई तो उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि टीम चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर सके। उन्होंने मुश्किल से ही सही लेकिन अपना लक्ष्य पूरा किया। टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंटस रोमा से एक अंक आगे रहा। रोमा ने टोरिनो में 2-0 से जीत हासिल करके यूरोपा लीग में जगह बनाई।पहले ही रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया ने दूसरे मिनट में डेनियल फिला के गोल से युवेंटस को सकते में डाल दिया। केनान यिल्डिज और रैंडल कोलो मुआनी के छह मिनट के अंदर किए गए गोल से युवेंटस ने मैच के 31वें मिनट में बढ़त कायम कर ली। मध्यांतर के बाद रीडगेसियानो हैप्स ने वेनेजिया के लिए बराबरी का गोल किया। लोकाटेली ने 73वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी जो निर्णायक साबित हुआ।

# लेवांडोव्स्की के दो गोल से जीता बार्सीलोना



**मैड्रिड।** ला लीगा का खिताब पहले ही पक्का कर चुकी बार्सिलोना ने रविवार को यहां एथलेटिक बिलबाओ पर 3-0 की जीत के साथ अपने अभियान को शानदार तरीके से खत्म किया। बार्सिलोना के दिग्गज रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने बिलबाओ में 14वें और 17वें मिनट में गोल करके लीग सत्र का समापन 27 गोल के साथ किया, जो कि एमबापे से चार कम है। बार्सिलोना ने अपना अभियान 28 जीत, चार ड्रॉ और छह हार से 88 अंक के साथ खत्म किया। यह दूसरे स्थान पर रहे रियल मैड्रिड से चार अंक अधिक है। छत्तीस साल के लेवांडोव्स्की ने इसके साथ ही बार्सीलोना के साथ अपने गोल का शतक भी पूरा किया। उन्होंने इस टीम के साथ तीन सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में अब तक कुल 101 गोल कर लिए हैं।

फ्रेंच ओपन

# नडाल ने कहा- संन्यास से खुश हूं छह महीने से रैकेट नहीं उठाया




**पेरिस।** रफेल नडाल ने अपने शानदार कॅरियर का आखिरी मैच खेलने के बाद से पिछले छह महीने में टेनिस रैकेट नहीं उठाया है और उनका कहना है कि अब वह सिर्फ नुमाइशी मैच खेलने के लिए ही रैकेट उठाएंगे और संन्यास के अपने फैसले से खुश हैं। उन्हें इस बात का कोई मलाल नहीं कि 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जिताने वाली प्रतिस्पर्धी भावना भीतर से खत्म होने के बाद खेल से विदा लेने में उन्होंने देर नहीं की। उन्होंने सर्वाधिक 14 बार फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। नडाल ने कहा, 'मैं अब गोल्फ खेलने का मजा लेता हूं और बाकी चीजों में भी आनंद आ रहा है। मुझे टेनिस की उतनी कमी नहीं खल रही क्योंकि मेरे पास जितना कुछ था, मैने टेनिस को दे दिया। अब मुझे मानसिक रूप से सुकून है। मेरा शरीर फिर से कोर्ट पर उतरने की अनुमति नहीं देता। मैं जितना कर सकता था, मैने किया और बेहतरीन कॅरियर रहा। अब जीवन के नए दौर का मजा ले रहा हूं।'

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 9 | 4 | 19 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल : किंग्स ने इंडियंस को सात विकेट से दी शिकस्त

# पंजाब की शीर्ष दो में जगह पक्की मुंबई 30 को खेलेगा एलिमिनेटर

एजेंसी ▶▶| जयपुर

पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मुकाबले में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराकर शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित की। पंजाब अब 29 मई को क्वालिफायर-1 खेलेगा। दूसरी ओर, इस हार के बाद मुंबई को 30 मई को एलिमिनेटर खेलना पड़ेगा।पंजाब की टीम ने लीग चरण में अपने अभियान का अंत 14 मैच में 19 अंक के साथ किया। टीम अभी शीर्ष पर है। मुंबई की टीम 14 मैच में 16 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

मुंबई के 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने जोश इंग्लिस (73 रन) और प्रियांश (62 रन) के बीच दूसरे विकेट की 109 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी नाबाद 26 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले 39 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से 57 रन की पारी खेली जिससे मुंबई इंडियन्स ने सात विकेट पर 184 रन बनाए।



### प्लेऑफ में शीर्ष दो का गणित

आईपल में फाइनल खेलने के लिए प्लेऑफ सिस्टम अपनाया जाता है, जिसमें टॉप-2 पोजिशन में फिनिश करने वाली टीमें क्वालिफायर-1 में भिड़ती हैं। इस मुकाबले को जीतने वाली फाइनल में पहुंचती है, वहीं हारने वाली टीम के पास फाइनल में पहुंचने का एक और मौका रहता है। 3 और 4 नंबर पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर होता है, इसे जीतने वाली टीम क्वालिफायर-2 में क्वालिफायर-1 हारने वाली टीम से भिड़ती है।

### सूर्या का वर्ल्ड रिकार्ड, लगातार 14वीं बार 25+ स्कोर

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल 2025 में टी20 क्रिकेट का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। सूर्या ने टी20 क्रिकेट में लगातार 14वीं बार 25 या ज्यादा रन बनाए। उन्होंने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पर 39 गेंदों में छह चौके और दो छक्के की मदद से 57 रन बनाए। सूर्या ने अब दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। बावुमा ने टी20 क्रिकेट में लगातार 13 बार 25 या ज्यादा रन का स्कोर बनाया था। सूर्या ने काइल जैमीसन द्वारा किए पारी के 9वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका जड़कर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया।

### बेंगलुरु और लखनऊ के का मुकाबला आज

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग का अपना आखिरी लीग मुकाबले मंगलवार को खेलेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। सुपर जायंट्स की टीम हालांकि मौजूदा सत्र में अपने निराशाजनक अभियान का अंत जीत से करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेल्टन का अय्यर बो यानसेन | 27 | 20 | 5 | 0 |
| रोहित का वढेरा बो हरप्रीत | 24 | 21 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार पगबाधा बो अर्शदीप | 57 | 39 | 6 | 2 |
| तिलक का अर्शदीप बो विशाख | 01 | 04 | 0 | 0 |
| जैक्स का यानसेन बो विशाख | 17 | 08 | 2 | 1 |
| पंड्या का इंग्लिस बो यानसेन | 26 | 15 | 2 | 2 |
| धीर का प्रियांश बो अर्शदीप | 20 | 12 | 0 | 2 |
| मिचेल सेंटनर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 184/7
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-28-2, जेमीसन 4-0-42-0, यानसेन 4-0-34-2, हरप्रीत 4-0-36-1, विशाख 4-0-44-2.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्य का सूर्यकुमार बो सेंटनर | 62 | 35 | 9 | 2 |
| प्रभसिमरन का अश्विनी बो बुमराह | 13 | 16 | 1 | 1 |
| इंग्लिस पगबधा बो सेंटनर | 73 | 42 | 9 | 3 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 26 | 16 | 1 | 2 |
| निहाल वढेरा नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 18.3 ओवर में 187/3
गेंदबाजी : बोल्ट 3.3-0-36-0, चाहर 3-1-28-0, बुमराह 4-0-23-1, सेंटनर 4-0-41-2, पंड्या 2-0-29-0, अश्विनी 1-0-16-0.

# स्वियाटेक और अल्काराज की अच्छी शुरुआत



**पेरिस।** पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रही गत चैंपियन इगा स्वियाटेक और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने फ्रेंच ओपन में अपने अभियान का आगाज सीधे सेटों में मिली जीत के साथ किया। स्वियाटेक ने 42वीं रैंकिंग वाली रेबेका स्रामकोवा को 6-3, 6-3 से हराया। वहीं अल्काराज ने इटली के क्वालीफायर जियुलियो जेप्पियेरी को 6-3, 6-4, 6-2 से मात दी। इससे पहले अमेरिका के 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने लोरेंजो सोनेगो को सीधे सेटों में 6-4, 4-6, 3-6, 6-2, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इससे पहले आठवीं वरीयता प्राप्त मुसेत्ती ने जर्मनी के क्वालीफायर यानिक हांफमैन को 7-5, 6-2, 6-0 से हराया। एरिना सबालेंका ने कामिला राखिमोवा को 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। ओलंपिक चैंपियन चीन की झेंग किंवेन ने फ्रेंच ओपन 2021 उपविजेता अनास्तासिया पी को 6-4, 6-3 से मात दी।

# विश्व कप क्वालीफाई करने का सुनहरा मौका



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में हर अंक के लिए मेहनत करेगा ताकि खिताब जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सके। भारतीय टीम एफआईएच अंकतालिका में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड शीर्ष पर और बेल्जियम दूसरे स्थान पर है। प्रो लीग का यूरोप चरण सात जून से शुरू होगा और टूर्नामेंट के विजेता को 2026 विश्व कप में अपने आप जगह मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### एससीए का आयोजन सात से 20 जून तक

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने सोमवार को कहा कि उसकी टी20 लीग सात से 20 जून तक खेली जाएगी। सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग में पांच टीमें होंगी और इसमें 20 मैच होंगे। एससीए के अध्यक्ष जयदेव शाह ने एक बयान में कहा, 'सौराष्ट्र क्रिकेट संघ का यह टूर्नामेंट हमारे क्षेत्र में खेल को पेशेवर स्तर बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। सौराष्ट्र प्रो टी-20 लीग में सौराष्ट्र और कच्छ तथा अन्य क्षेत्रों के शीर्ष स्तरीय और उभरती हुई प्रतिभाएं भाग लेंगी।

### एक टीम के रूप में हम अच्छा नहीं खेले

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़ी हार के साथ अपने अभियान का अंत करने के बाद कहा कि उनकी गत चैंपियन टीम मौजूदा सत्र में एक इकाई के रूप में अच्छा खेलने में नाकाम रही। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को 110 रन से जीतकर गत उप विजेता सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है।



# पैरा एथलीट गुर्जर ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारत के महेंद्र गुर्जर ने स्विट्जरलैंड में नॉटविल विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की भाला फेंक एफ42 श्रेणी में 61.17 मीटर के प्रयास से विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 2022 में ब्राजील के रॉबर्टो फ्लोरियानी एडेनिलसन द्वारा बनाए गए 59.19 मीटर के पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया। महेंद्र ने अपने तीसरे प्रयास में भाले को 61.17 मीटर की विश्व रिकॉर्ड दूसरी तक फेंका। उनके शुरुआती दो प्रयास 56.11 और 55.51 मीटर के रहे। रविवार को उनके अंतिम तीन थ्रो 58.54 मीटर, 57.25 मीटर और 58.07 मीटर के रहे। पैरालंपिक में दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाले और विश्व रिकॉर्ड धारक सुमित अंतिल ने भी पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में 72.35 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।



# जूनियर विश्व कप : तेजस्वनी ने 25 मीटर महिला पिस्टल में जीता स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| सुहल



भारतीय निशानेबाज तेजस्वनी ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में देश का दबदबा जारी रखते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तेजस्वनी ने आठ महिलाओं के फाइनल में पांच शॉट लगाकर कुल 31 अंक बनाए।

व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट के तौर पर भाग ले रही बेलारूस की एलिना नेस्टियारोविच ने 29 के साथ रजत पदक जीता जबकि हंगरी की मिरियम जाको ने 23 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। तेजस्वनी इससे पहले क्वालिफिकेशन चरण में 575 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही थी। चीन की ताओताओ झाओ इसमें 589 अंक के साथ शीर्ष पर थी। ताओताओ (18) हालांकि फाइनल में चीनी ताइपे की येन-चिंग चेंग (22) के बाद पांचवें स्थान पर रही।

महिलाओं की 25 मीटर स्पर्धा में अन्य भारतीय रिया शिरीष थट्टे, नाम्या कपूर और दिवांशी क्वालिफिकेशन में क्रमशः 15वें, 18वें और 24वें स्थान पर रहीं। जूनियर निशानेबाजों के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत तीन स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य सहित कुल 11 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## प्रणय, लक्ष्य, सिंधू भी सिंगापुर ओपन में आज से पेश करेंगे चुनौती

# सात्विक-चिराग से दमदार वापसी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे।

इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर किदांबी श्रीकांत ने खुद की और पिछले कुछ महीनों में भारतीय बैडमिंटन पर छाई निराशा को दूर करने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने पिछले कुछ महीनों से भारत के एकल खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सप्ताह दर सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने की परिपाटी को तोड़ा। श्रीकांत हालांकि इस सप्ताह प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ियों को 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अच्छा करने के लिए प्रेरित जरूर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने कुआलालंपुर में श्रीकांत के शानदार प्रदर्शन को करीब से देखा था।

### सिंधू अब भी वापसी की राह पर

लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में लिन चुन-यी का सामना करके अपनी फिटनेस पर संदेह को दूर करना चाहेंगे। प्रियांशु राजावत भी मौजूदा सत्र में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। किरण जॉर्ज भी इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। महिला एकल में अनुभवी पीवी सिंधू अब भी वापसी की राह पर है। अपनी कोचिंग टीम में कई बार बदलाव करने के बाद बावजूद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का सामना पहले दौर में कनाडा की वेन यू झांग से होगा। अनमोल खरब का मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन चीन के चेन यू फी से होगा जबकि आकर्षी कश्यप तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगी।


## मेडिकल पैरामेडिकल/नर्सिंग/ फार्मेसी एवं डी.एल.एड. बी.एड./इंजीनियरिंग

देश के विभिन्न शासकीय विश्वविद्यालयों में मान्यता प्राप्त संस्थानों में नि:शुल्क पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित सत्र-2025-26 (SSGE/0769)

निम्न तालिका अनुसार छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से निम्नांकित पाठ्यक्रमों के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है, समस्त पाठयक्रम भारत सरकार के सी.एस.आर निधि द्वारा चयनित उम्मीदवार को देश के विभिन्न संस्थानों में पूर्णतय: नि:शुल्क उपलब्ध कराई जावेगी।

विभिन्न पाठ्यक्रम समयावधि एवं सीटें

| क्र. | पाठ्यक्रम | समयावधि | न्यूनतम योग्यता | कुल सीटें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डी.एम.एल.टी. मेडिकल लैब टैक | 2 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 500 |
| 2 | बी.एम.एल.टी. मेडिकल लैब | 3 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 3 | डी. फॉर्मा | 2 वर्ष | 12 वीं पास (बायोलॉजी) | 400 |
| 4 | बी. फॉर्मा | 4 वर्ष | 12 वीं पास (बायोलॉजी) | 400 |
| 5 | फॉर्मा डी. | 6 वर्ष | 12 वीं पास (बायोलॉजी) | 300 |
| 6 | डी.ओ.टी.ऑपरेशन थियेटर | 3 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 400 |
| 7 | जी.एन.एम | 3 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 8 | बी.एस.सी. नर्सिंग | 4 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 9 | बी.पी.टी. फिजियोथेरेपी | 4 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 10 | बी.एस.सी. फोरेंसिक साईंस | 3 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 11 | बी.एस.सी. एग्रीकल्चर | 4 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 12 | बी.टेक | 4 वर्ष | 12 वीं पास (गणित) | 300 |
| 13 | बी.टेक.साइबर सिक्योरिटी | 4 वर्ष | 12 वीं पास (गणित) | 300 |
| 14 | एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग | 4 वर्ष | 12 वीं पास (गणित) | 300 |
| 15 | डी–एड | 2 वर्ष | 12 वीं पास (सभी संकाय) | 300 |
| 16 | बी–एड | 2 वर्ष | स्नातक (सभी संकाय) | 300 |

आवेदन हेतु न्यूनतम प्रतिशत–समस्त पाठ्यक्रमों में आवेदन हेतु उपरोक्त योग्यता में न्यूनतम अनुजाति/जनजाति हेतु 45% एवं ओ.बी.सी./ सामान्य हेतु न्यूनतम 50% आवश्यक है। दिव्यांगजन/सैनिक/स्व.संग्राम सेनानी एवं महिला वर्ग हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

नोट:–आवेदन हेतु निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाईप कर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरें। साथ ही 10×4 का सफेद कोरा लिफाफा में 26 रूपयें का डाक टिकट डालकर आवेदन पत्र के साथ स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर निर्धारित तिथि तक भेजें। आवेदन पत्र पोस्ट द्वारा ही स्वीकार किया जावेगा। चयनित उम्मीदवारों को वाट्सअप, ई–मेल, मेसेज एवं कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जावेगा।

**आवेदन डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि-05.06.2025**

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,
संचालक
छ.ग. वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
बिलासपुर (छ.ग.)

महोदय,
पाठ्यक्रम का नाम ........................................ में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ............................2. पिता/पति ........................................
3. जन्मतिथि अंकों में ..........................4. वर्ग ........................................
5. पत्र व्यवहार का पता ग्राम ..................... पो.......................तहसील. ..................
थाना. ..................जिला ....................पिन कोड ..............................
6. मोबाईल नं. .........वाट्सअप नं.......................पालक नं. ..............................
7. ई. मेल ...........................................
8. शैक्षणिक योग्यता–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय का पता - छ.ग. वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, शिवाजी मार्ग, टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001
हेल्पलाईन नं. - 6232455151, 8839189302



स्पष्ट कानूनी दावा नहीं आने व शवों के खराब होने का दिया गया हवाला

# नक्सल चीफ बसवराजु समेत 8 नक्सलियों का नारायणपुर में किया गया अंतिम संस्कार

**अबुझमाड़ मुठभेड़ में मारे गए 27 नक्सलियों में 20 के शवों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया वहीं नक्सल चीफ बसवराजु समेत 8 नक्सलियों के शवों का सोमवार को नारायणपुर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रशासन द्वारा मारे गए नक्सलियों के शवों के लिए स्पष्ट कानूनी दावा नहीं आने व खराब होने का हवाला देते हुए अंतिम संस्कार किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि कुडमेल-कलहाजा-जाटलूर मुठभेड़ में मारे गए 27 नक्सलियों में से 20 के शव दावे के सत्यापन के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया था। 20 मृत माओवादी कैडरों के परिजनों में से एक माओवादी कैडर कोसी उर्फ हुंगी के परिजन 26 मई को शव लेने नारायणपुर पहुंचे थे। शव के कारण संक्रामक रोग फैलने की आशंका को देखते हुए उनके परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार नारायणपुर मुख्यालय में ही करवाने का अनुरोध किया गया। जिसके बाद उसके शव का भी अंतिम संस्कार पुलिस द्वारा किया गया। आईजी ने बताया कि सभी शवों का अंतिम संस्कार कार्यपालक मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार विधिसम्मत तरीके से नारायणपुर में किया गया। मुठभेड़ में मारे गए कोसी के अलावा शेष 7 नक्सलियों के शव जिनमें सीपीआई (माओवादी) के महासचिव बसवराजु का शव भी शामिल था के लिए कोई स्पष्ट कानूनी दावा नहीं आया। इन 8 शवों जिसमें कोसी उर्फ हुंगी का शव भी शामिल था जिसका अंतिम संस्कार उनके परिजनों द्वारा नारायणपुर में ही किया गया।



### परिजनों की मौजूदगी के बावजूद कर दिया गया अंतिम संस्कार

बसवराजू समेत 8 नक्सलियों के शवों का फोर्स द्वारा अंतिम संस्कार करने का विरोध करते हुए मानव अधिकार कार्यकर्ता बेला भाटिया ने कहा कि परिजनों के मौजूदगी के बावजूद शवों का अंतिम संस्कार करना अधिकार का हनन है। परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार अपनी भूमि में करना चाहते थे लेकिन उन्हें ले जाने नहीं दिया गया। परिजनों ने कहा कि इस मामले पर अब हम न्यायालय की शरण में जाएंगे। बेला भाटिया ने कहा कि हमारे संविधान के आर्टिकल 21 में परिवार को अंतिम संस्कार करने का राइट है।

# रातों-रात हटाई गई पूर्व मुख्यमंत्री जोगी की प्रतिमा, जमकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की प्रतिमा को रातों-रात हटाने से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी मूर्ति को पुनः स्थापित करने की मांग को लेकर ज्योतिपुर चौक पर स्व. जोगी की तस्वीर के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए। ज्योतिपुर चौक पर स्थापित स्व. अजीत जोगी की मूर्ति को रात के अंधेरे में अज्ञात लोगों ने हटा दिया और उसे नगरपालिका परिसर के पास रख दिया। इस घटना की जानकारी न तो मुख्य नगरपालिका अधिकारी को थी और न ही संबंधित ठेकेदार को। मूर्ति हटाए जाने की खबर फैलते ही स्थानीय नागरिकों में नाराजगी फैल गई। इस दौरान अमित जोगी ने कहा कि यह न केवल उनके पिता बल्कि छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री की मूर्ति का अपमान है, यह जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ भी है। उन्होंने मांग थी कि मूर्ति को तत्काल पुनः स्थापित किया जाए। अमित जोगी और उनके समर्थक ज्योतिपुर चौक पर मूर्ति स्थल के पास प्रदर्शन किया और तब तक आमरण अनशन जारी रखने की घोषणा की, जब तक मूर्ति को वापस स्थापित नहीं किया जाता। बवाल के बाद स्थानीय प्रशासन ने प्रतिमा को वापस उसी स्थान पर स्थापित किए जाने का कार्य किया जा रहा है।

अमित जोगी ने कहा कि प्रतिमा को हटाने और चुराने वालों पर कड़ी व त्वरित कारवाई न होने की स्थिति में चक्काजाम और जिला बंद करने की भी चेतावनी दी है। मरवाही के पूर्व विधायक डॉक्टर केके ध्रुव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने भी धरने में विरोध जताया।

**अमित जोगी ने दिया धरना**





### आरोपी की पहचान की जा रही

अजीत जोगी की प्रतिमा हटाने के मामले में अमित जोगी की रिपोर्ट पर गौरेला थाने में रिपोर्ट पर धारा 303(2) 305 (d)303 (1) के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। गौरेला टीआई नवीन बोरकर ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हटाने वालों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# तत्कालीन केंद्र सरकार ने नहीं दी फोर्स, नक्सलियों को कर रही थी मदद : ननकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने कहा है कि जब डा. रमन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे, तब नक्सलियों का खात्मा हो जाता, लेकिन उस समय केन्द्र सरकार नक्सलियों की मदद कर रही थी। केंद्र से मांगने पर भी फोर्स नहीं भेजी गई थी। उन्होंने अपनी ही पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह पर तीन बार चुनाव हरवाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। उन्होंने वर्तमान छग सरकार को फेल बताते हुए कहा है कि हर जगह भ्रष्टाचार हो रहा है, बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर सोमवार को बिलासपुर कलेक्टोरेट पहुंचे थे, पत्रकारों से चर्चा की। उनका कहना है कि वे कहीं भी रहें, जनता और कार्यकर्ता का काम करते रहेंगे। श्री कंवर ने पूर्ववर्ती केन्द्र सरकार को घेरते हुए कहा कि जब वे गृहमंत्री थे, तभी तय कर लिया था कि प्रदेश में नक्सलियों का सफाया करना है, उस समय केन्द्र सरकार नक्सलियों की मदद कर रही थी। केन्द्र न फोर्स दे रही थी और न ही आर्थिक मदद कर रही थी।



### विष्णुदेव सरकार सुशासन की संकल्पना को लेकर कर रही काम : भाजपा

पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर के बयान को लेकर पार्टी की ओर से किसी बड़े नेताओं का कोई बयान सामने नहीं आया है, किन्तु जिला भाजपा प्रवक्ता प्रणव शर्मा समदरिया का कहना है कि ननकीराम कंवर हमारे वरिष्ठ नेता हैं उनकी गणना पार्टी के कद्दावर नेताओं में होती है। वे हम सभी के सम्मानीय हैं। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश में सुशासन की संकल्पना को लेकर कार्य कर रही है। यही वजह है कि सुशासन तिहार के माध्यम से समाधान शिविरों का आयोजन कर जनहित के मामले का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया जा रहा है। विष्णुदेव साय की सरकार ने चुनाव पूर्व अपने संकल्प पत्र में किए गए अधिकांश बड़े वायदों को एक साल से भी कम समय में पूरा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्तमान में नक्सल समस्या पर केन्द्र और छत्तीसगढ़ सरकार जिस तरह से प्रभावी कदम उठा रही है, ये किसी से छुपा नहीं है।



वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा
स्कीन टाइटनिंग व रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

### सिर्राभाठा में बैगा की हत्या, पांच हिरासत में

बालोद। सिर्राभाठा में बैगा पुनित राम ठाकुर की गला काटकर हत्या कर दी गई। लोगों में चर्चा है कि बैगाई के दौरान नरबलि तो नहीं चढ़ा दी गई। हत्या ग्राम के एक ग्रामीण तिहारू निशाद के घर में बैगा गुनिया करने के दौरान हुई। सोमवार शाम 4:30 बजे लगभग ग्राम के बैगा पुनित ठाकुर की हत्या का समाचार ग्राम में फैला। मामले में पुलिस ने स्वामी तिहारू निशाद, उसकी पत्नी, कांडे के दो बैगा व कमरौद के एक बैगा को संदेह पर हिरासत में लिया है।

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
स्पाईन केयर क्लिनिक



- मिनिमल इन्वेसिव स्पाईन सर्जरी (छोटे से चीरे द्वारा स्पाईन सर्जरी)
- सर्वाइकल स्पाईन इन्ज्यूरी
- स्पाईन टीबी
- स्पाईन रिहेबिलिटेशन सेंटर (दुर्घटना में स्पाईन की पुरानी चोट या फ्रैक्चर से परेशान)
- गर्दन, पीठ व कमर में दर्द/जकड़न
- स्कोलियोसिस (कूबड़)
- स्लिप डिस्क
- साइटिका
- स्पाईन कैंसर



डॉ. मनीन्द्र भूषण
MS, DNB (Ortho), FNB(Spine Surgery)

डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आयुष्मान योजना एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा

देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com